आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 1 जून 2024 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-064 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 2 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

मैं भाजपा कैडर हूं ड्यूटी निभा दी : मिथुन

कोलकाता,1 जून। भारतीय जनता पार्टी के नेता और एक्टर मिथुन चक्रवर्ती ने आज आखिरी चरण के चुनाव के लिए वोट दिया. उन्होंने अपना वोट पश्चिम बंगाल की बेलगचिया लोकसभा सीट पर दिया. उन्होंने कहा कि 'मैं भाजपा कैडर हूं, मैंने अपनी ड्यूटी निभा दी है. कल से फ़िल्मों की बात करूंगा, क्योंकि मुझे अपने परिवार की भी पालना है.' पश्चिम बंगाल की 9 लोकसभा सीट पर आज वोटिंग हो रही है जिनमें दमदम, जादवपुर,बशीरहाट, जयनगर, बारासात,मथुरापुर, डायमंड हार्बर, कोलकाता दक्षिण और कोलकाता उत्तर शामिल हैं. 9 चरण के चुनाव में कुल 904 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं. इनमे सबसे प्रमुख हैं पीएम मोदी, निशिकांत दुबे, रवि शंकर प्रसाद, रवनीत सिंह बिट्टू, कांग्रेस नेता मनीष तिवारी, चरणजीत सिंह चन्नी, शिरोमणि अकाली दल से हरसिमरत कौर बादल और आरजेडी से मीसा भारती हैं. मण्डी से कंगना रनौत पहली बार चुनावी रण में उतरी हैं, जहां आज उनका मुकाबला कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह से है. जिन सीट पर आज चुनाव हैं उनमें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की सीट हमीरपुर, रवि किशन की सीट गोरखपुर, टीएमसी के नेता और ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी की सीट डायमंड हार्बर है.

विद्युत सब स्टेशन में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

बलौदाबाजार,1 जून। सूर्य की तेज तपिश से अब विद्युत व्यवस्था भी जवाब देने लगे हैं. जिसका परिणाम देर रात सुहेला विद्युत सब स्टेशन में देखने को मिला. जहां 220 केवी लाईन में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गयी और हड़कंप मच गया. वहीं कार्यरत अधिकारी और कर्मचारियों ने तत्परता दिखाई और तत्काल कुछ देर के लिए लाइन काटकर आग बुझा लिया और एक बड़ी घटना को टालकर विद्युत व्यवस्था बहाल किया. आग लगने कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है.बताया जा रहा है कि दिन भर सूर्य की तेज तपिश और बढ़ते तापमान की वजह इसका कारण हो सकता है. फिलहाल, एक बड़ी घटना टलने से अधिकारियों कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है. विद्युत विभाग के ईई वी के राठिया ने बताया कि सुहेला विद्युत सब स्टेशन में देर रात 220 केवी लाइन में शार्ट हुआ था. जिसे तत्काल काबू पाकर विघुत व्यवस्था बहाल की गई है, किसी प्रकार की बड़ी घटना नहीं हुई.

4 जून को बनने जा रही इंडिया ब्लॉक की सरकारः राहुल

नई दिल्ली,1 जून। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत के लिए एक परिवर्तनकारी क्षण की घोषणा करते हुए कहा कि 4 जून को इंडिया ब्लॉक सरकार बनने जा रही है।' गांधी ने एक्स पर एक ट्वीट में कहा, प्रिय साथी नागरिकों, आज सातवें और अंतिम चरण के लिए मतदान का दिन है और अब तक के रुझान से संकेत मिलता है कि देश में भारत सरकार बनने जा रही है। उन्होंने आगे लिखा कि मुझे गर्व है कि झुलसा देने वाली गर्मी में भी आप सभी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए वोट देने निकले हैं। 4 जून का सूरज देश में एक नया सवेरा लेकर आने जा रहा है। इसी तरह की भावना व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि यह स्पष्ट हो गया है कि इंडिया ब्लॉक की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने मतदाताओं से बड़ी संख्या में मतदान करने का भी आग्रह किया। प्रियंका गांधी ने कहा, प्रिय बहनों और भाइयों, आज चुनाव का अंतिम चरण है और यह स्पष्ट हो गया है कि भारत की सरकार बनने जा रही है। आपकी अधिकतम भागीदारी भारत को और भी मजबूत बनाएगी। सातवां चरण दुनिया के सबसे बड़े मतदान मैराथन के भव्य समापन का प्रतीक है। जो पिछले महीने की 19 तारीख को शुरू हुआ था।

हम दो,हमारे चारः प्रदीप मिश्रा

कथावाचक ने की परिवार में चार बच्चों की वकालत

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,1 जून। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने परिवार में 4 बच्चों की वकालत की है. इनमें से दो बच्चे परिवार के लिए और दो सनातन धर्म को बचाने के लिए आवश्यक बताया है. वहीं बच्चों की संख्या को लेकर कानून लाए जाने के सवाल पर कहा कि जब इस पर कानून लाया जायगा तब देखेंगे. कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा शनिवार को पत्रकारों से रू-ब-रू हुए. इस दौरान चर्चा में उन्होंने लड़के-लड़कियों से माता-पिता के कहे अनुरूप विवाह करने की बात कही. उन्होंने कहा कि प्रेम विवाह का विरोध नहीं, लव जिहाद का विरोध है. विवाह करें मना नहीं है, लेकिन लड़का-लड़की के अनुकूल होना चाहिए, राजनीति में धर्म के उपयोग पर प्रदीप मिश्रा ने कहा कि धर्म में राजनीति और राजनीति धर्म में चलता आया है. सत्ता के सिंहासन में किसको देखने के सवाल पर कहा कि युवाओं को रोजगार और धर्म को आगे बढ़ाने वालों को मिलना चाहिए. उन्होंने कहा कि आने वाला समय अच्छा होगा. भारत हिंदू राष्ट्र वैसे भी है. सारे देवताओं का निवास, सभी देवताओं को पूजा जाता है. वहीं नक्सलवाद का जिक्र करते हुए कहा कि इससे मुक्ति के लिए सरकार लगी है. पत्रकारों की कलम में वो दम होता है, जो बिगड़े हुए सुधार सकता है. नक्सलियों को ये संदेश देता हूं कि वे राष्ट्र हित में काम करें. प्रदीप मिश्रा ने धर्मांतरण को लेकर कहा कि जो जहां है, अपने धर्म में रहो, अपने धर्म का पालन करो. छोटे-छोटे लोग ऐसे मिल जाते हैं, जो अपने धर्म में ले जाते हैं, और अपने धर्म में मिला लेते हैं. इसमें गलती अपनी ही रहती है. लोग कहते है कि हम घर वापसी करा रहे हैं. हम कहते हैं, कि गए ही क्यों थे. प्रयास ये करे इनको अपने धर्म में ही रखें. अगर संविधान के हिसाब से चलता है, धर्मांतरण रूक सकता है. तुलसीदास ने भी शंकर रूपी कहा है. अगर विश्वास होता है तो अपने आप ऊर्जा उत्पन्न होने लगती है. अगर मैने जल पिया है शंकर जी का, आपने अगर मन से निकाल दिया कि मेरा कोई दुश्मन नहीं है, तो सब सही होगा. डॉक्टर शंकर का ही एक रूप है. आप दिखाओ, जांच कराओ. शंकर पर चढ़ी बेल का जल पीते रहे, रोग का निवारण होगा. अगर कोई आपको तकलीफ से मुक्त कर रहा है, तो वो शंकर का रूप है.

चेन्नई,1 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के मतदान के बीच कन्याकुमारी में दूसरे दिन ध्यान लगाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 जून को कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल में अपने ध्यान के दूसरे दिन की शुरुआत की। प्रधानमंत्री मोदी आज अपना ध्यान समाप्त करेंगे, क्योंकि आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें चरण के लिए मतदान होना है। प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु में अपने ध्यान के दूसरे दिन की शुरुआत सूर्योदय के समय विवेकानंद रॉक पर 'सूर्य अर्घ्य' करने के बाद की, जहाँ स्वामी विवेकानंद ने ज्ञान प्राप्त करने से पहले ध्यान किया था। प्रधानमंत्री ने सूर्य अर्घ्य किया, जो आध्यात्मिक अभ्यास से जुड़ा एक अनुष्ठान है जिसमें सूर्य के रूप में प्रकट सर्वशक्तिमान को नमस्कार किया जाता है। प्रधानमंत्री ने पारंपरिक, बीकर जैसे छोटे बर्तन से थोड़ा पानी समुद्र में अर्घ्य के रूप में डाला और अपनी प्रार्थना माला (जप माला) का उपयोग करके प्रार्थना की। अधिकारियों ने बताया कि वह भगवा वस्त्र पहने हुए थे और उन्होंने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। इसके बाद प्रधानमंत्री ने अपने हाथों में जप माला लेकर मंडपम का चक्कर लगाया। शनिवार शाम को अपने दो दिवसीय ध्यान के समाप्त होने के बाद, प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद दिल्ली की यात्रा करेंगे।

कन्याकुमारी अपने सूर्योदय और सूर्यास्त के लिए प्रसिद्ध है और स्मारक तटरेखा के पास एक छोटे से टापू पर स्थित है। विवेकानंद रॉक मेमोरियल में, प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को ध्यान शुरू किया और आज उनका इसे पूरा करने का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचे। हिंदू शास्त्रों के अनुसार, देवी पार्वती ने भी भगवान शिव की प्रतीक्षा करते हुए एक पैर पर उसी स्थान पर ध्यान किया था। प्रधानमंत्री पंजाब के होशियारपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव अभियान को समाप्त करने के बाद गुरुवार को कन्याकुमारी गए। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की उम्मीद में प्रधानमंत्री मोदी ने देशभर में लोकसभा चुनाव के लिए व्यापक प्रचार किया। चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। चुनावी मौसम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने 75 दिनों में रैलियों और रोड शो समेत करीब 206 चुनावी कार्यक्रम किए। उन्होंने अलग-अलग समाचार और मीडिया प्लेटफॉर्म पर करीब 80 इंटरव्यू भी दिए।

मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल के साथ किया योग

रायपुर,1 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर का आज दूसरा दिन है. वहीं सुबह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ योग किया. योग के बाद फिर से आईआईएम के एक्सपर्ट सभी मंत्रियों को टिप्स देंगे. बता दें कि नवा रायपुर के आईआईएम में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर की शुरुआत शुक्रवार को हुई. जिसमें प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार की मैनेजमेंट के गुर सीखने की क्लास लग रही है. इस क्लास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत सभी मंत्री शामिल हैं. पहले दिन सभी मंत्रियों की क्लास सुबह 10 से पांच बजे तक लगी. वहीं आज सुबह 6 बजे योगा क्लास लगी. उसके बाद फिर 10 बजे से मुख्यमंत्री और मंत्री मैनेजमेंट की पढ़ाई करेंगे.

बेटे को बचाने दिए थे खुद के ब्लड सैंपल,मां गिरफ्तार

पुणे,1 जून। पोर्श कार हादसे में इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। क्राइम ब्रांच ने आरोपी नाबालिग की मां को भी गिरफ्तार किया है। नाबालिग आरोपी की मां शिवानी अग्रवाल पर अपने बेटे का ब्लड सैंपल बदलवाने के लिए अपना ब्लड सैंपल देने और डॉक्टरों को पैसे देने का आरोप है। पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने इसकी जानकारी दी है। ब्लड सैंपल बदलवाने का मामला उजागर होने के बाद शिवानी अंडरग्राउंड हो गई थी। वह कल रात मुंबई से पुणे आई थी। पुणे क्राइम ब्रांच को जैसे ही यह जानकारी मिली देर रात उन्हें अरेस्ट कर लिया। क्राइम ब्रांच आज कोर्ट में पेश करेगी। पुलिस की जांच में अब सामने आया था कि शराब के नशे में धुत नाबालिग के ब्लड सैंपल को उसकी मां के ब्लड सैंपल से ही बदला गया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक नाबालिग लड़के की मां शिवानी अग्रवाल ने पुणे के ससून जनरल अस्पताल में अपना ब्लड सैंपल दे दिया था। इस सैंपल को ही उनके बेटे के सैंपल के साथ बदल दिया गया था। वहीं मामले में आरोपी की मां सहित अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। नाबालिग के पिता को 21 मई और दादा को 25 मई को गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा ससून अस्पताल के दो डॉक्टर, एक स्टाफ और पब के मालिक-मैनेजर और स्टाफ सहित 8 लोग शामिल हैं। पुणे कोर्ट ने शुक्रवार (31 मई) को आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल और दादा सुरेंद्र अग्रवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उन दोनों पर ड्राइवर का अपहरण करने और उस पर हादसे की जिम्मेदारी लेने का दबाव बनाने का आरोप है। पुणे क्राइम ब्रांच ने कहा है कि सबूत मिटाने के लिए किसी तीसरे व्यक्ति ने आरोपियों की मदद की। उसकी पहचान भी की जा रही है। पुणे पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नाबालिग आरोपी के दादा सुरेंद्र अग्रवाल को 25 मई को गिरफ्तार किया था। सुरेंद्र अग्रवाल पर पोते को बचाने के लिए ड्राइवर को बंगले में कैद रखने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक सुरेंद्र अग्रवाल ने ड्राइवर को धमकाया और उसे घर नहीं जाने दिया। उन्होंने ड्राइवर का फोन ले लिया और उसे 19 से 20 मई तक अपने बंगले में कैद रखा। बाद में ड्राइवर की पत्नी ने उसे बंगले से मुक्त कराई थी। इधर पुणे पोर्शे कार एक्सीडेंट केस में आरोपी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

40 लोगों से भरी बस में आग,जनहानि नहीं

रायपुर,1 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

राजधानी रायपुर से लगे अभनपुर से बड़ी खबर सामने आई है. यात्रियों से भरी एसी बस में अचानक आग लग गई. देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई और अफरा-तफरी मच गई. आग लगने के बाद ड्राइवर, कंडेक्टर समेत सभी यात्रियों ने बस से कूदकर अपनी जान बचाई. जिस बस में आगजनी हुई है वह महेंद्रा ट्रेवल्स की है. बस में करीब 40 यात्री सवार थे, सभी सुरक्षित हैं. मिली जानकारी के अनुसार, महिंद्रा ट्रेवल्स की बस जगदलपुर से करीब 40 यात्रियों को लेकर रायपुर आ रही थी. तभी अभनपुर के मोहन ढाबा के पास अचानक बस में आग लग गई. अभनपुर के मोहन ढाबा के पास बस में अचानक आग लग गई।आग लगते ही बस में बैठे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई. आग के विकराल रूप लेने से पहले सभी को बस से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. आगजनी की घटना में बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है. वहीं घटना की सूचना लोगों ने अभनपुर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को दी है. मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही टीम को रवाना कर दिया गया है. यात्री बस में आग लगने का कारण एसी पाइप फटना बताया जा रहा है.

भारत की चेतावनी के बाद श्रीलंका पुलिस ने आईएसआईएस के हैंडलर को किया गिरफ्तार

कोलंबो,1 जून। श्रीलंका की पुलिस ने प्रतिबंधित इस्लामिक स्टेट आतंकी संगठन के साथ कथित संबंधों के कारण भारत में अहमदाबाद हवाई अड्डे से गिरफ्तार किए गए चार श्रीलंकाई नागरिकों के संदिग्ध आका (हैंडलर) को गिरफ्तार कर लिया है। 'डेली मिरर' पोर्टल ने बताया कि कोलंबो में आपराधिक जांच विभाग ने गेराई पुषराजा उस्मान को गिरफ्तार किया। श्रीलंकाई पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की थी।

बंगाल में भीड़ ने ईवीएम और वीवीपीएटी मशीन तालाब में फेंकी

कोलकाता,1 जून। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में 8 राज्यों की 57 सीटों पर मतदान सुबह 7 बजे से जारी है। इस बीच सातवें चरण में भी पश्चिम बंगाल में जमकर हिंसा और तोड़फोड़ हुई है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के कुलताई में बूथ संख्या 40, 41 पर भीड़ द्वारा कथित तौर पर ईवीएम और वीवीपैट मशीन को पानी में फेंक दिया गया। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक मतदाताओं को कथित तौर पर टीएमसी समर्थकों ने अपने पक्ष में मतदान करने की धमकी दी। इससे भीड़ उत्तेजित हो गई और ईवीएम को तालाब में फेंक दिया। वहीं यहां दक्षिण चौबीस परगना के भांगड़ इलाके में बमबाजी हुई है। जानकारी के मुताबिक, भांगर में मतदान से पहले शनिवार सुबह भी हिंसा हुई है। जादवपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भांगड़ के सतुलिया इलाके में हुई इस झड़प में आईएसएफ और टीएमसी के करीब 10 कार्यकर्ता घायल हुए हैं। आईएसएफ और सीपीआईएम कार्यकर्ताओं ने इस हमले का आरोप टीएमसी पर लगाया है। बताया गया है कि मौके पर अभी कई जिंदा बम पड़े हुए हैं। जानकारी के मुताबिक बवाल की शुरुआत गुरुवार रात से तब हुई, जब टीएमसी कार्यकर्ता कथित तौर पर चुनाव प्रचार के बाद अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान उन पर हमला हुआ था। घायलों को कोलकाता के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद अगले दिन शुक्रवार को टीएमसी वर्कर्स ने हमला कर दिया। शनिवार को वोटिंग के दिन भी दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और झड़प होने की खबर है।

चेन्नई-मुंबई इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

चेन्नई,1 जून। चेन्नई से मुंबई जाने वाली इंडिगो को एक फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक 6ई-5314 विमान के एक क्रू को टॉइलट में एक नोट मिला था जिसमें लिखा था कि विमान में बम है। इसके बाद मुंबई एयरपोर्ट पर लगभग पौने नौ बजे विमान कि इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई और सभी यात्रियों को सुरक्षित निकालकर आइसोलेशन में भेज दिया गया। लैंडिंग के बाद विमान की जांच की जा रही है। वहीं मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। बता दें कि एक सप्ताह के भीतर ही यह दूसरी बार है जब विमान को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है।

गला सूखने से युवक की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़

कवर्धा,1 जून। जिले में इन दिनों सूरज आग उगल रहा है, जिसका जानलेवा असर नजर आ रहा है. कवर्धा में तेज धूप और भीषण गर्मी की वजह से गला सूखने से एक युवक की जान चली गई. इस तरह से प्रदेश में अब तक गर्मी-लू की वजह से छह लोगों की मौत हो चुकी है. जिले के कुंडा पंचायत में शराब दुकान के पास एक युवक मृत पाया गया था. ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मृतक की पहचान मनोज चंद्रवंशी के रूप में की गई है. पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे. मृतक की भीषण गर्मी के चलते गला सूखने से मौत होना बताया जा रहा है. इस घटना के साथ ही प्रदेश में गर्मी से मरने वालों की संख्या छह पहुंच गई है. भीषण गर्मी की वजह से बिलासपुर में दो, रायपुर में एक ट्रैफिक जवान समेत दो लोगों और जांजगीर में एक भिखारी की वजह से मौत हो चुकी है.

केरल में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून और प्रबल

तिरुवनंतपुरम,1जून। केरल में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के जल्द दस्तक देने के दो दिन बाद राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश होने से भूस्खलन, पेड़ों के उखड़ने और जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। कोट्टायम, इडुक्की और एर्नाकुलम के कुछ हिस्सों में शुक्रवार रात से भारी बारिश हो रही है। कल रात पहाड़ी जिले इडुक्की के अंदरूनी इलाकों में स्थित पूचपरा और कोलप्परा इलाकों में भूस्खलन और पेड़ों के उखड़ने की सूचना है। स्थानीय लोगों ने बताया कि भूस्खलन से कुछ मकान और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन किसी की जान जाने की खबर नहीं है। भूस्खलन के संभावित खतरे के कारण थोडुपुझा-पुलियानमाला राज्य राजमार्ग पर यातायात प्रतिबंध लगा दिया गया है। इडुक्की में मलंकारा बांध के पांच द्वार खोले जाने के बाद जिला अधिकारियों ने थोडुपुझा और मुवत्तुपुझा नदियों के किनारे रहने वालों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। पड़ोसी कोट्टायम जिले के विभिन्न भागों में भारी बारिश के मद्देनजर मीनाचल और मणिमाला नदियों के निकट रहने वाले लोगों से भी सतर्क रहने का आग्रह किया गया है। कल शाम से कोट्टायम के कई हिस्सों में लगातार कई घंटों तक हुई बारिश के कारण जलभराव हो गया और यातायात बाधित हो गया। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात को वडावथूर क्षेत्र में 100 मिमी बारिश हुई, जबकि कोट्टायम के शहरी क्षेत्रों में 99 मिमी बारिश हुई। बंदरगाह शहर कोच्चि में हालांकि मध्यम बारिश हुई, लेकिन एर्नाकुलम के अलुवा क्षेत्र में 31 मई की रात से भारी बारिश हो रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) से मिली अद्यतन जानकारी के अनुसार, सुबह एर्नाकुलम, त्रिशूर और मलप्पुरम जिलों में एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और 40 किमी प्रति घंटे तक की गति के साथ आंधी चलने की संभावना है। तिरुवनंतपुरम, इडुक्की, कोझिकोड और कन्नूर जिलों में एक या दो स्थानों पर मध्यम बारिश होने की संभावना है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने 30 मई को केरल और पूर्वोत्तर क्षेत्र में जल्दी दस्तक दी जिससे कृषि-आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चार महीने के बरसात के मौसम का आधार तैयार हो गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, रविवार को पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश से टकराने वाले चक्रवात 'रेमल' ने मॉनसून के प्रवाह को बंगाल की खाड़ी में खींच लिया था, जो पूर्वोत्तर में मॉनसून के जल्दी दस्तक देने का एक कारण हो सकता है। त्रिशूर जिले में आज सुबह से भारी बारिश हो रही है, जिससे लोग बड़ी संख्या में बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर फंसे हुए हैं। शहर के विभिन्न हिस्सों में जलभराव और यातायात जाम की सूचना है। मौसम विभाग ने कहा कि नवीनतम रडार इमेजरी के अनुसार, अगले तीन घंटों के लिए त्रिशूर में मध्यम से तेज बारिश के साथ 40 किमी प्रति घंटे तक की गति से हवाएं चलने की संभावना है।

छत्तीसगढ़ में लू से एक और मौत

कांकेर। छत्तीसगढ़ में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ते ही जा रहा है, वहीं आए दिन लू की चपेट में आने से लोग अपनी जान गवा रहे है, वहीं प्रदेश के कांकेर जिले में आज शनिवार को लू लगने से पहली मौत हुई है। मामला 'चारामा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार लू लगने से ट्रक ड्राइवर निसार अहमद उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ निवासी का इलाज चारामा अस्पताल में चल रहा था, जहाँ आज इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मृतक निसार विशाखापट्टनम से डामर लेकर चारामा के कहाडगोंदी आ रहा था, तभी चारामा पहुंचने के बाद अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई, जिसे इलाज के लिए चारामा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। सीएमओ अविनाश खरे ने लू से मौत की पुष्टि की है। बताया जा रहा कि मृतक के शरीर का तापमान 106 डिग्री था।

एक नजर

लाखों की चोरी

भिलाई, 1 जून। भिलाई पुलगांव थाना क्षेत्र में रहने वाले मिस्त्री के घर से लाखों की चोरी हो गई मिस्त्री पोटियाकला निवासी संतोष यादव अपनी बेटी काजल यादव का इलाज करवाने परिवार के साथ राजधानी रायपुर गया था तीन दिनों लौटा तो घर का ताला टूटा हुआ था भीतर जाकर देखा तो अलमारी खुली थी आलमारी से करीब 1,10 लाख के गहने व 30 हजार नकद चोरी हुई पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है चोरी ने अलमारी से सोने की रिंग 2.52 ग्राम, कान का सोने का झुमका 1.5 ग्राम, सोने की माला 4 ग्राम, सोने का मंगल सूत्र व 4 गेह दाना लगा हुआ, सोने का माला, सोने की कान की खूंटी, सोने की फुल्ली 4, सोने का लाकेट 2. चांदी का लच्छा 40 तोला, चांदी का करधन 30 तोला, चांदी की गणेश मूर्ति 3, चांदी का 2 चेन व तोला, पायल 10 तोला, चांदी का पैर पटटी एक जोड़ी, चांदी का बिछिया 3 जोड़ी, चांदी की चूड़ी आदि गायब किए।

फिंगर प्रिंट नफीस ट्रेनिंग का समापन

भिलाई, 1 जून। भिलाई पांच दिवसीय फिंगर प्रिंट नफीस ट्रेनिंग का समापन हुआ इस दौरान दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग ने 64 फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को प्रमाण पत्र सौंपा पुलिस लाइन के सभागार में पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला में बालोद और दुर्ग के 64 अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। कार्यशाला के प्रशिक्षक फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट कमलेश्वर सिंह, धर्मेंद्र कुमार भारती रहे। जिनके द्वारा गिरफ्तार व्यक्तियों, संदेहियों, निगरानी बदमाशों के फिंगर प्रिंट तैयार करने को लेकर और घटना स्थल में फिंगर प्रिंटों को सुरक्षित करने के तरीके, अज्ञात मृतक के टेन प्रिंट स्लिप का वेरिफिकेशन, नेफिस अपलोडिंग, फूट प्रिंट, नवीन तकनीक के बारे में प्रशिक्षण दिया गया दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग के द्वारा कार्यशाला के समापन दिवस पर कहा कि सभी फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट बन गए है जो कि अब क्राइम सीन वेरिफिकेशन में अपराधी को साइंटिफिक तरीके से साक्ष्य एकत्र कर सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे फिंगर प्रिंट एनालिसिस करने में मदद मिलेगी। साथ ही क्राइम सीन पर प्रिंट के संग्रह और उसके वेरिफिकेशन में काफी आसानी होगी मामलों को सुलझाने में भी पुलिस को काफी मदद मिलेगी सभी फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

आयुक्त ने की राजस्व वसूली की समीक्षा

दुर्ग, 1 जून। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा निगम दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत निवासरत समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि वह अपने भवन भूमियों के संपत्ति कर एवं अन्य करो की राशि जल्द से जल्द जून 2024 से पूर्व जमा कर दें एवं 6त्न संपत्ति कर छूट प्राप्त करें।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,आरके बोरकर सहित,योगेश सूरे के अलावा राजस्व निरीक्षकों की बैठक ली गई। बैठक में उन्होंने स्पष्ट रूप से राजस्व अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षकों को हिदायत दी गई कि वह अपने-अपने वार्डों में जाकर भवन भूमि स्वामियों से संपर्क करें एवं करो की राशि जमा करावे।इस हेतु सहायक राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी वार्ड वार लगाई गई है। इनका फोन नंबर नगर निगम द्वारा जारी किया गया है करदाता सीधे सहायक राजस्व निरीक्षकों से मिलकर उन्हें टैक्स की राशि जमा करने हेतु संपर्क कर सकते है। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा करदाताओ को सुविधा प्रदान करते हुए बोरसी एवं आदित्य नगर जोन कार्यालय में भी जाकर टैक्स की राशि जमा करवा सकते हैं एवं जल्द ही ऑनलाइन करने की सुविधा करदाताओं को प्राप्त होगी नगर निगम में शुरुआती आवश्यक तैयारी पूरी कर ली है एवं जल्द ही ऑनलाइन करों की राशि स्वीकार की जावेगी भवन / भूमि टैक्स ऑनलाइन भी जमा कर सकेंगे। आयुक्त नगर निगम दुर्ग के द्वारा समय-समय पर टैक्स वसूली की समीक्षा की जावेगी। सभी राजस्व निरीक्षक अपने-अपने वार्डों में घूम कर भवन भूमियों के टैक्स के साथ-साथ नए भवनों का सर्वे का कार्य भी करेंगे।भवन स्वामी अपने संपत्तिकर की राशि जमा करवाकर छूट का लाभ उठा सकते हैं। शानिवारअवकाश के दिनों में भी आधे दिन नगर निगम का काउंटर टैक्स जमा करने के लिए खुला रखा जा रहा है।

नगर निगम के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में भी संपत्तिकर जमा करने के लिए काउंटर है।जिसके लिए आयुक्त लोकेश चन्द्रकर के द्वारा आदेश जारी कर सहायक राजस्व निरीक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सहायक राजस्व निरीक्षक सिध्दांत शर्मा को वार्ड क्रमांक 1,2,56 मोबइल 9098185850,बद्रीनाथ भीमगज को वार्ड 3,4,5 मोबइल 9039195664,लवकुश शर्मा वार्ड 6,7,8 मोबइल 9111168627,निर्मल चंद्रकार, वार्ड 9,10,11,मोबइल 70003368627,कमल स्वर्णकार वार्ड 12,13,14, मोबइल7587796596,बलदाऊ पटेल,15,17,18,मोबइल 9770524783,लक्ष्य गोइर,वा यादव,वार्ड 53,54,55,मोबइल 7987523262,नरेंद्र मन्हारे,वार्ड 16,57,58,मोबइल 9770198865 एवं मिथुन सोनवानी,वार्ड 21,59,60,मोबइल 7898618549 इस हेतु सहायक राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी वार्ड वार लगाई गई है ।

विश्व धूम्रपान निषेध दिवस मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 1 जून। दिनांक 31- 5- 2024 को प्रिज्म संस्थान में विश्व धूम्रपान निषेध दिवस मनाया गया ।जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के ड्यूटी जनरल मैनेजर श्री असीम साहू सर उपस्थित थे द्य इस अवसर पर प्रिज्म संस्था के सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ, आईटीआई विभाग के विधार्थी, तथा प्रिज्म संस्था के आसपास के प्रतिभखोज में भाग लेने वाले विद्यार्थी भी उपस्थित थेद्य सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई तत्पश्चात अतिथियों को प्लांट पॉट देकर उनका स्वागत किया गया द्य इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री असीम साहू सर ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से बड़े ही सरलतम स्वभाव से यह बताया कि धूम्रपान करने से क्या होता है ,इसकी लत कैसे लगती है, और इसे कैसे छुटकारा पाया जाए द्य पुनः प्रिज्म संस्था के चैयरमेन श्री रुपेश कुमार गुप्ता सर ने विशेषतः नॉन टीचिंग स्टाफ को सम्बोधित करते हुए बताया कि सिगरेट पीना, तंबाकू खाना न केवल हानिकारक है अपितु इसे बनाने वाली कंपनी (आई सी टी) को भी इस प्रोडक्ट से बहुत घाटा होता है द्य और सरकार भी इस पर बहुत अधिक टैक्स लगाती है द्य अतः न केवल अपने लिए बल्कि आप से जुड़े सभी लोगों के लिए इस का त्याग कर देना ही उचित है । साथ ही उन्होने बताया कि जिस तरह प्रिज्म को पॉलिथीन फ्री कैम्पस बनाया गया है उसी तरह विश्व को नो टोबैको वर्ल्ड बनाने का यह एक प्रयास है । तत्पश्चात डॉक्यूमेंट्री फिल्म के द्वारा धूम्रपान से होने वाले खतरों से अवगत कराया गया द्य पुनः प्रिज्म संस्था की प्राचार्य डॉ अंजना शरद मैम ने बताया कि नशा, ताशा और पाशा तीनो शरीर का नाश करती हैं अतः विद्यार्थीयों को अच्छे स्वस्थ और उच्च शिक्षा के लिए, घर में बना मां के हाथ का खाना खाना चाहिए है द्य तत्पश्चात विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सफल विद्यार्थियों को सार्टिफिकेट वितरित किया गया द्य जिसमे क्रमशः स्टेनो हिंदी टाइपिंग प्रथम और द्वितीय पुरस्कार, टेलारिंग प्रशिक्षण प्राप्त दीदी को पुरस्कार ,तथा नो टोबैको डे पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार दिए गए संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन बी.एड की प्राध्यापिका ज्योति मिश्रा मैम ने किया द्य तथा कार्यक्रम की सफलता में भाग्यश्री मैम और आईटीआई विभाग के एचओडी सनत सर, भूमिका मैम का पूर्ण योगदान रहा द्य हम होंगे कामयाब गीत के द्वारा समापन किया गया ।

शासकीय हाई स्कूल बजरंगपुर, नवागांव का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

राजनांदगांव, 1 जून। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड परीक्षा में शासकीय हाई स्कूल बजरंगपुर नवागांव का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। संस्था का परीक्षा परिणाम 91 प्रतिशत रहा। संस्था से 45 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिनमें से 14 प्रथम श्रेणी, 24 द्वितीय श्रेणी एवं 3 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 2 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण एवं 2 विद्यार्थी पूरक प्राप्त हुआ। संस्था के राजीव देवांगन ने 90.6 प्रतिशत के साथ प्रथम, तारिणी देवांगन ने 78.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्था के प्राचार्य श्रीमती ममता झा एवं समस्त व्याख्याताओं ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

पावर हाउस रेलवे स्टेशन में नशा मुक्ति पर चित्र प्रदर्शनी

भिलाई, 1 जून। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तथा राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के मेडिकल विंग द्वारा भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति चित्र प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका सांसद विजय बघेल, नगर निगम के जन संपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन के वाणिज्यिक अधीक्षक, ब्रह्माकुमारी इंद्राणी दीदी द्वारा दीप प्रज्वलन कर विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रातः 7:00 बजे से ही यह नशा मुक्ति चित्र प्रदर्शनी भिलाई पावर स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रीगण के आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि नशा, तंबाकू और शराब के सेवन से होने वाले नुकसान को सभी भली भांति जानते हैं, लेकिन इसे छोड़ने की जो इच्छा शक्ति, आत्म बल चाहिए वह उनमें नहीं होता है इस कारण वह इस नशे को नहीं छोड़ पाते, लेकिन ब्रह्माकुमारी जैसी अध्यात्मिक संस्था जो प्रतिदिन राजयोग मेडिटेशन के द्वारा नशे की बुराइयों को दूर करने में सहायक होती है, उसी क्रम में यह आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक रूप से बहुत सुंदर सभी के लिए लाभदायक है। नगर निगम से आए जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला ने प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह आध्यात्मिक प्रदर्शनी लोगों में जागृति लाने का कार्य करेगी मैं ब्रह्माकुमारी संस्था को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं तथा रात्रि तक इस नशा मुक्ति प्रदर्शनी से बड़ी संख्या में लोगों को नशे के दुष्प्रभाव को जानकर इससे लाभान्वित होंगे। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने इस नशा मुक्ति आध्यात्मिक प्रदर्शनी का उद्देश्य बताते हुए कहा कि आज लोगों में जागृति आई है कि नशे के क्या दुष्प्रभाव होते हैं, तथा हर एक इससे छूटने का प्रयास कर रहा है, सिर्फ उसे सही मार्गदर्शन, आत्म बल, दृढ़ इच्छा शक्ति,श्रेष्ठ संकल्प की आवश्यकता है। कि मैं परमात्मा की श्रेष्ठ संतान हूं। अंत में उपस्थित सभी ने अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर संकल्प किया की धूम्रपान ,तम्बाकू का सेवन स्वयं के लिए, परिवार के लिए, समाज के लिए, राष्ट्र के लिए, विश्व के लिए नुकसानदायक है, नशा नाश की जड़ है । हम सभी इससे मुक्त हो स्वयं अपने परिवार , समाज में खुशहाली लाकर भारत को श्रेष्ठ बनाएंगे।

उतई, 1 जून। छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है और यहाँ पारंपरिक कृषि औजारों से खेती-किसानी किसान लोग करते थे। जब से आधुनिक तकनीकी से खेती की जा रही तब से खेती करने का पैटर्न भी बदला है। मशीनीकरण होने से पूरी खेती मशीनों से की जा रही है। पुराने कृषि यन्त्र नागर (हल) किसानों के घरों के ओरछा में टंगे देखे जा सकते हैं मानो कह रहे हों कि किसान अब कब हमें अपने कृषि-कार्य में लेगें।

उतई, 1 जून। सेलूद के तलाब में भीषण गर्मी में मनमोहक रूप से खिले हैं कमल के फूल ।

सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई

भिलाई,1 जून । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से मई 2024 माह में सेवानिवृत्त हो रहे गैर-कार्यपालकों को 31 मई को महात्मा गांधी कला मंदिर में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उपस्थित भिलाई इस्पात संयंत्र की कार्यकारी कार्यपालक निदेशक सुश्री निशा सोनी, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक एस के सोनी द्वारा कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र में मई 2024 माह में कुल 135 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें कुल 17 कार्यपालक, 118 गैर-कार्यपालक शामिल है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में खदान बिरादरी के सदस्य भी शामिल हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से मई 2024 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों को विगत दिनों इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। दासगुप्ता ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों और खनिज नगरों में पदस्थ कुल 135 कर्मचारी अपनी लम्बी सेवा के बाद 31 मई 2024 को सेवानिवृत्त हुए।

सहायता समूह की महिलाओं ने की साफ-सफाई

जामुल,1 जून। नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्रांतर्गत कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन वार्ड क्रं. 18 बूढादेव तालाब (नया तालाब) एवं शिवपुरी गार्डन को निकाय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी,स्वच्छता दीदी,स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा साफ-सफाई कर श्रम दान किया गया। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंकुर पाण्डेय,उपअभियंता विनोद कनोजिया,कृष्ण नारायण ताम्रकार,राजस्व निरीक्षक हरीश साहूलेखापाल हेमंत वर्मा व निकाय के कर्मचारी पुनीत वर्मा.रामू देवांगन,पुरूषोत्तम सोनी,मेघनाथ सोनी,आशा जंघेल,नीलकंठ वर्मा, हिम्मत मंडावी,मोहन वर्मा,हर्षा मेहरा,सीमा गुप्ता पी.आई.यू. गौरव केशरवानी,मिशन मैनेजर शरद सिंह व निकाय के समस्त कर्मचारीगण एवं एन.जी.ओं.शहर के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थें।

बीएसपी में पहली रेल ब्लूम की सीक्वेंस कास्टिंग सफल

भिलाई,1 जून । सुचारू कमीशनिंग की दिशा में आगे बढ़ते हुए, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मोडेक्स यूनिट स्टील मेल्टिंग शॉप 3 (एसएमएस-3) के सीवी-2 कास्टर ने 30 मई को कास्टिंग अनुक्रम में तीन रेल ब्लूम हीट की सफलतापूर्वक कास्टिंग करके एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर लिया। कास्टिंग की पूरी प्रक्रिया राइट्स के अधिकारियों की मौजूदगी में की गई। इन्होंने आर 260 ग्रेड रेल ब्लूम की कास्टिंग के दौरान सभी महत्वपूर्ण गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया। इन ब्लूम्स को अब संयंत्र की यूनिवर्सल रेल मिल में सिंगल पीस में विश्व की सबसे लंबी 130 मीटर रेल में रोल किया जाएगा। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय और संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सीवी 2 कास्टर से पहले रेल ब्लूम अनुक्रम की सफल कास्टिंग के लिए एसएमएस 3 की टीम और संबंधित शॉप्स और एजेंसियों के सदस्यों को बधाई दी है। हाल ही में सीवी 2 कास्टर को कॉम्बी-कास्टर में परिवर्तित किया गया था। विदित हो कि 14 मई 2024 को एसएमएस 3 के सीवी 2 कास्टर से हॉट ट्रायल के दौरान ब्लूम के पहली हीट का उत्पादन किया गया था। एसएमएस 3 टीम से प्राप्त महत्वपूर्ण इनपुट के फलस्वरूप पहली हीट की सुचारू व सुरक्षित कास्टिंग संभव हुई, जिससे निर्बाध ट्राजिशन और सफल परिणाम सुनिश्चित हुए। एक वर्ष से भी कम समय में सीवी 2 को सफलतापूर्वक कॉम्बी-कास्टर में परिवर्तित किया। यह रूपान्तरित कॉम्बी-कास्टर ब्लूम्स और बीम ब्लैंक्स दोनों का उत्पादन करने में सक्षम है।

निगम क्षेत्र में आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण हो गुणवत्तापूर्ण:आयुक्त

भिलाई, 1 जून। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र मे हो रहे नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रो के निर्माण को देखने पहुंचे निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, जिससे आंगनबाड़ी के निर्माण की गुणवत्ता एवं आवश्यक सुविधा में किसी प्रकार की बाधा न हो। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव प्रातः भ्रमण के दौरान भिलाई निगम क्षेत्र के वार्ड 29 वृन्दा नगर में बन रहे नवीन निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किये तथा निगम के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक निर्देश दिये कि निर्धारित समय अवधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण सभी आगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण हो जाना चाहिए। साथ ही आंगनबाड़ी के कमरो का निर्माण, दरवाजे, खिड़की, पानी, शौचालय एवं प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। आंगनबाड़ी का निर्माण इस प्रकार से किया जाये कि बच्चों को बैठने खेलने में में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में शासकीय आंगनबाड़ी केंद्र का स्वयं का भवन नहीं होने के कारण किराए के भवनों में आंगनबाड़ी चलना पड़ता है इसलिए शासन द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद नगर निगम क्षेत्र में शासन के आदेश अनुसार नवीन आंगनबाड़ी का निर्माण किया जा रहा है जो निर्धारित समय में पूर्ण हो जाएगा जिससे

आस-पास के बच्चो को आंगनबाड़ी आने जाने में सुविधा हो बच्चो के खेलने के लिए भी उपयुक्त स्थल मिल सके।

सार्वजनिक स्थलों की बेहतर साफ-सफाई की जाएगी, नियमित मॉनिटरिंग के दिये निर्देश

दुर्ग, 1 जून। नगर पालिक निगम में मच्छर उन्मूलन के लिए फाइट दी बाइट कार्यक्रम 15 दिनों से निरन्तर वार्डों में शुरू किया गया है।इसके लिए टीम बनाई गई है, यह अभियान निरन्तर चलेगा।निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि अभियान के तहत प्रिपरेशन और अवेयरनेस के तहत मच्छर और उसके लार्वा को पनपने से रोकने युद्ध स्तर पर किया जा रहा है,इस कड़ी में निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वर्षा ऋतु के आगमन से पहले मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया से बचाव व नियंत्रण के लिए आज आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली सहित विशेष दस्ता टीम के साथ सुबह शहर के वार्ड 32 ब्राम्हण पारा, वार्ड 22 तितुरडीह आदि जगहों में अवलोकन कर लोगो के घरों में पहुंचकर सर्वे किया।सफाई कर्मियों को बेहतर सफाई के निर्देश दिये।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा फाइट द बाइट अभियान का एक बड़ा हिस्सा है।जिसे निगम में शुरू किया गया है।निगम द्वारा फाइट द बाईट मुहिम के अन्तर्गत नगर निगम द्वारा प्रतिदिन वार्ड वार अभियान चल रहा है।आयुक्त ने बताया कि बाजार क्षेत्र समेत सभी सार्वजनिक स्थलों पर साफ सफाई की जाएगी। वहां नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि कहीं भी गंदगी वाला स्थान न दिखे। घरों में बर्तन धोने वाले स्थान, टायर में जमा पानी, गमले और कूलर में जमे पानी से होने वाले नुकसान की जानकारी लोगों को दी जाएगी, ताकि मच्छरों को पनपने से रोका जा सकेगा।लोगो को जागरूकता और बचाव के लिए किए गए सभी कार्यों का आंकलन और फालोअप किया जाएगा।शहर निरक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने बताया कि स्वच्छता सफाई कर्मी द्वारा घर-घर जाकर मच्छर उन्मूलन के लिए जानकारी दी जाएगी।निर्माण स्थलों में मच्छर न पनप सके।

रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने रियल टाइम ऑटोमेशन सिस्टम से मॉनिटरिंग करने में प्राप्त की सफलता

भिलाई,1 जून । भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया 7 उद्घाटन समारोह विभाग प्रमुख मुख्य महाप्रबंधक तीर्थंकर दस्तिदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एस चट्टोपाध्याय, महाप्रबंधक वी एस विनय कुमार, महाप्रबंधक एम के साहू, सहायक महाप्रबंधक सुजय कुमार सिंह एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी सहायक महाप्रबंधक सुनील कुमार शुक्ला की उपस्थिति में उपरोक्त सभी लोगों को उपहार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने इंस्ट्रुमेंटेशन एवं ए एंड डी विभाग के साथ मिलकर, एक मोबाइल ऐप सॉफ्टवेयर की सहायता से क्रिटिकल उपकरणों जैसे ड्राइव एवं हाइड्रोलिक मोटर ऑयल के तापमान जैसे महत्वपूर्ण पैरामीटर को रियल टाइम में मॉनिटर करने में सफलता प्राप्त की। प्रणाली की महत्ता को ध्यान में रखते हुए, विभाग प्रमुख मुख्य

महाप्रबंधक तीर्थंकर दस्तिदार, महाप्रबंधक एस सोरते, महाप्रबंधक प्रशांत लाखे, महाप्रबंधक रविशंकर एवं महाप्रबंधक श्रीमती सिमी गोस्वामी के मार्गदर्शन मे प्रणाली को अपग्रेड करने का निर्णय लिया गया। इस कार्य को निष्पादित करने हेतु महाप्रबंधक भूपेंद्र जन्पंगी, महाप्रबंधक प्रशांत लाखे, महाप्रबंधक धुर्जती सिन्हा एवं उप महाप्रबंधक आर के पवार की अगुवाई में सहायक महाप्रबंधक अभिलाष गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक भूपेंद्र गौर, वरिष्ठ प्रबंधक अवनीष मिश्रा, वरिष्ठ प्रबंधक जी पी सोनी, प्रबंधक निशांत सिंह, पुरुषोत्तम कश्यप, कुमार सौरभ, फनिन्द्र वेलगा एवं बैभव कुमार शामिल है। उपरोक्त कार्य को निष्पादित करने में ए एंड डी एवं इंस्ट्रुमेंटेशन विभाग की उप महाप्रबंधक सुश्री मीना नायक, सहायक महाप्रबंधक सुश्री गीता प्रसाद, सहायक महाप्रबंधक पी के नंदा, वरिष्ठ प्रबंधक नीलेश कुमार जैन, प्रबंधक एस पी राजकुमार, प्रबंधक अंशुल गंगवार एवं सहायक प्रबंधक अर्चित रावत, सुश्री लक्ष्मी सोम, वारा प्रसाद, विकास कुमार, दीपक कुमार महापात्रा, विजय शंकर, राहुल एवं इशान कुमार का विशेष योगदान प्राप्त हुआ।

लीज मकान के नाम पर धोखाधड़ी

भिलाई, 1 जून। भिलाई लीज मकान के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने धारा 430, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 6 सड़क 21 क्वाटर 3 एफ निवासी बलराम सिंह ने शिकायत किया कि सेक्टर 6 सड़क 22 क्वाटर 02 ए निवासी टी विजय लक्ष्मी नायडू, जयंत नायडू के द्वारा बीएसपी से लीज पर लिए क्वाटर को 17 लाख रुपये में बेचने का सौदा किया। इस दौरान पीड़ित ने मकान खरीदने के लिए कर रुपए भी लिया। पहले 5 लाख फिर 7 लाख उसके बाद फिर 5 लाख रूपये जयंत कुमार नायडू के बैंक एचडीएफसी बैंक खाते ट्रांसफर किया गया श्रीमति नायडू ने आश्वासन दिया था कि बी.एस. पी से अनुमति के बाद मकान पीड़ित के हवाले किया जाएगा।

अविनाशी खुशी के लिए हमें भगवान से जुड़ने की आवश्यकता है: प्राजक्ता दीदी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नगरी 1 जून। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बिरगुडी के तत्वावधान में ग्राम बेलरगांव में सात दिवसीय आध्यात्मिक राजयोग शिविर का आयोजन हुआ है आज 27 /5/2024 शिविर का चौथा दिन शिविर की मुख्य वक्ता बी के प्राजक्ता दीदी जी ने मन की शक्ति एवं परमात्मा के सत्य परिचय के ऊपर प्रवचन किया कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन एवं साथ में अतिथियों को ईश्वरी सौगात एवं ईश्वरी प्रसाद देकर किया गया कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने बहुत सुंदर अतिथियों के स्वागत में नृत्य की प्रस्तुति दी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे श्रीमती कमलाबाई साहू (सचिव महिला संगठन)श्रीमती सुशीला बाई देवांगन (उपाध्यक्ष)श्रीमती बासन बाई देवांगन (कोषाध्यक्ष)नरोतीन बाई सोनी ,श्रीमती चंद्राबाई सोनी ,श्रीमती मुन्नीबाई देवांगन ,श्रीमती कुंती बाई देवांगन ,श्रीमती योगिता देवांगन जी ,श्रीमती सुरुचि कश्यप, श्रीमती उर्वशी साहू (अध्यक्ष मां दंतेश्वरी)श्रीमती करुणा निषाद (सचिव)श्रीमती केसर साहू श्रीमती पुष्पा देवांगन (पूर्व जनपद सदस्य) श्रीमती सोनिया लिमजा जी दीदी जी ने कहा कि परिवर्तन संसार का नियम है हर क्षण हर पल हर व्यक्ति बदलता है अब हम इस परिवर्तन को स्वीकार करके हम अपनी जिंदगी को खुशनुमा बना सकते हैं साथ ही दीदी जी ने परमात्मा का सत्य परिचय देते हुए कहा कि सच्ची आनंद के लिए हम भगवान को पहचान संबंध जोड़ और उसके साथ जुड़े जिससे हम अपने अंदर आनंद का अनुभव कर सकते हैं जीवन में आज सच्ची खुशी की आवश्यकता हर एक को है जो हमारे अंदर ही है इसे हम बाहर व्यक्तियों में ,वस्तुओं में, पदार्थ में ढूंढ रहे हैं जो विनाशी है इसलिए हम सदा अपने अंदर खुशी का अनुभव नहीं कर पा रहे हैं सदा की अविनाशी खुशी के लिए हमें भगवान से जुड़ने की आवश्यकता है जो हमें सही मार्ग दिखा सकता है इस तनाव भरे जीवन में सही मार्गदर्शन दे सकता है अपनी जिंदगी में सच्ची शांति एवं तनाव मुक्त जीवन के लिए परमात्मा से जुड़ना बहुत आवश्यक हो गया है दीदी जी ने भगवान का सत्य परिचय बताते हुए कहा कि परमात्मा वही हो सकता है जो सर्वधर्म मान्य हो, जो सर्वज्ञ हो, जो सर्वोपरि हो, जो सर्वोच्च हो, जो सर्व और शक्तियों में सागर हो ,जो अजन्मा हो ,अभोक्ता हो, जिनके लिए कहा गया जिनके लिए कहा गए हैं बिनु पद चलाएं सुनाएं बिनु कान्हा कर विधि कम करें विधि नाना अर्थात जिनके पैर ना होते हुए भी वह चलता है जिनके कान ना होते हुए भी वह सुनता है वह भगवान है जिनको हम हर संबंध से याद कर सकते हैं एवं कार्यक्रम का संचालन बीके निशा बहन एवं बीके शिव भाई ने किया।

एक नजर

एमपी की 90 पौवा गोवा अंग्रेजी शराब के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

डोंगरगढ़ 1 जून। डोंगरगढ़ पुलिस को मध्यप्रदेश निर्मित गोवा अवैध शराब के साथ 01 आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने में सफलता हाथ लगी है व दूसरा आरोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त समाचार में बताया जाता है कि 30 मई2024 को गस्त पेट्रोलिंग दौरान करबला चौक डोंगरगढ़ के पास आरोपी निखिल कुमार साहू पिता स्व0 हेमंतदास साहू उम्र- 22 सल साकिन ग्राम अछोली को एक सफेद रंग के एक्टिवा स्कूटी वाहन में अवैध रूप से शराब परिवहन करते हुये पकड़कर आरोपी से कुल 90 पौवा गोवा अंग्रेजी व्हीस्की अंग्रेजी शराब मध्यप्रदेश निर्मित कुल मात्रा- 16.200 बल्क लीटर किमती- 11700/-रू0 एवं एक्टिवा स्कुटी वाहन को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। रेड कार्यवाही दौरान एक्टिवा वाहन के पीछे बैठा युवक पुनेश साहू जो पुलिस को देखकर फरार हो गया एवं प्रकरण में शामिल एक अन्य आरोपी का पता तलाश की जा रही है व साथ ही शराब मंगाने व लाकर डंप करने वाले आरोपियो के संबंध में लगातार पतासाजी की जा रही है।

चाकू के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

डोंगरगढ़ 1 जून। डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिली कि मंदिर परिसर छीरपानी चौक डोंगरगढ़ के पास केवल भट्ठ नाम का व्यक्ति अपने पहने हुये कपड़े के अन्दर एक धारदार चाकू छुपाकर घुम रहा है और घटना घटित कर सकता है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहुचकर आरोपी केवल भट्ठ पिता संतोष भट्ठ उम्र- 22 साल साकिन ग्राम कोसमसरा थाना कसडोल जिला बलौदाबाजार छ0ग0 के पास से एक लोहे का धारदार चाकू छुपाकर घुमते हुये पकड़कर आरोपी से एक नग धारदार चाकू को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

शहर के चप्पे-चप्पे में की गई पैदल पेट्रोलिंग

राजनांदगांव 1 जून। 31 मई को पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर स्वयं थाना प्रभारी कोतवाली श्री एमन साहू एवं रक्षित निरीक्षक श्री लोकेश कसेर के साथ थाना कोतवाली एवं रक्षित केन्द्र के बल के साथ लखोली से पैदल पेट्रोलिंग प्रारंभ कर लखोली नाका चौक, कन्हारपुरी, भरकापारा चौक, पुराना बस स्टेण्ड, तिरंगा चौक, भारतमाता चौक, जय स्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, महावीर चौक, मालधक्का, रेल्वे स्टशन होते हुए कोतवाली में पैदल पेट्रोलिंग समाप्त हुआ। पैदल पेट्रोलिंग के दौरान संदिग्धों से पूछताछ की गई, अनावश्यक रूप से आउटर सुनसान एरिया में बैठे लोगों की पहचान की गई, शहर के बीच गली मोहल्लों में भ्रमण कर अपराधियों, गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, तेज रफ्तार मोटरसायकल से घूमते आवारागर्दी करते लड़कों व असामाजिक तत्वों को रोक कर पूछताछ एवं तलाशी की गई और समझाईश दी गई। शहर में पैदल गस्त करते पुलिस को देख कर आमजनों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।

ग्राम पंचायत बासुला की सचिव जयदुर्गा शर्मा निलंबित

राजनांदगांव 1 जून। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्राम पंचायत बासुला की सचिव श्रीमती जयदुर्गा शर्मा को पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत बासुला की सचिव श्रीमती जयदुर्गा शर्मा द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही व स्वेछाचारिता बरतते हुए जय अम्बे बेल्डिंग वक्से के संचालक प्रमोद साहू से हुई वार्तालाप के ऑडियो रिकार्डिंग में राशि लेने एवं लोकसभा निर्वाचन 2024 आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत भी चेक जारी करने का ऑडियो रिकार्ड तथा सचिवी दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया हैं।

शुद्ध पेयजल की उपलब्धता पर विकित्सा महाविद्यालय रायपुर में वैज्ञानिक कार्यशाला का आयोजन

रायपुर 1 जून। सामुदायिक स्तर पर स्वच्छ जल की उपलब्धता एवं गुणवत्ता के संबंध में पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के सामुदायिक चिकित्सा विभाग में संस्था एवं यूनिसेफ के सहयोग से गुरूवार को एक दिवसीय कार्यशाला जल मंथन 2.0 का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभाग जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा, नगरी प्रशासन, पंचायत इत्यादि के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यशाला में स्वच्छ पेय जल की गुणवत्ता, जैविक एवं रसायनिक शुद्धता , जल गुणवत्ता परीक्षण एवं दूषित पानी से होने वाले विभिन्न रोगों के संबंध में विस्तृत परिचर्चा की गई। इस परिचर्चा में विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों ने इससे संबंधित उनके विभाग में संचालित गतिविधियों एवं अनुभवों को साझा किया तथा भविष्य की कार्ययोजना तैयार कर विभिन्न विभागों में सामंजस्य स्थापित करने हेतु सहमति बनी। इस कार्यशाला के शुभारंभ समारोह में पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के प्रभारी अधिष्ठाता, पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ. अरविंद नेरल मुख्य अतिथि थे।

बाल मधुमेह पर कार्यशाला, पूजा सोनी ब्रांड एंबेसेडर बनी

रायपुर 1 जून। रायपुर स्थित एक निजी चिकित्सालय में बाल मधुमेह के विषय पर दोस्त संस्था ने कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला के प्रमुख प्रशिक्षक डॉ सत्यजीत साहू ने बाल मधुमेह के कारणों बताते हुये उसके इलाज के संबंध में विस्तार से जानकारी दी . उन्होंने बताया कि बचपन से ही होने के कारण बाल मधुमेह के रोगियों के साथ ही उनके परिवार को भी इस बीमारी को समझने में खांसी परेशानी होती है . धैर्य रखकर समझने से परिवारजन इसके बीमारी के साथ जीना सीख लेते हैं और तब यह बीमारी एक लाइफ़स्टाइल का रूप ले लेती है। आहार प्रशिक्षक साझी सिंह ने खान पान के बारे में बताया. उन्होंने कैलोरी की मात्रा और कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और फ़ैट के संतुलन के बारे में कहा . उन्होंने फल की ज़रूरत भी बताई. इस मौके पर इक्कीस वर्षीय पुजा सोनी को बाल मधुमेह का ब्रांड एंबेसडर चुना गया. बाल मधुमेह के अभिभावकों को समाज सेविका लक्ष्मी सोनी ने अपने अनुभव को साझा करते हुए जागरूकता और समझदारी की ज़रूरत को रेखांकित किया। इंसुलिन टेकनीक को सिस्टर ममता और सिस्टर रिंकी ने बताया. यौगिक जीवनशैली और कौशिकी नृत्य के लाभ के बारे में छत्तीसगढ़ी महिला समाज की प्रदेश अध्यक्ष मालती परगनिहा ने प्रशिक्षण दिया . कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट संतोष ठाकुर ने डॉ सत्यजीत साहू के नेतृत्व में दोस्त और प्योर की टीम के समाजिक प्रकल्पों की जानकारी दी . दोस्त टीम के सुरज दुबे भावनात्मक सहयोग की आवश्यकता बताई.

इस अवसर पर सुनील शर्मा, टी एस राजपूत जी ,लिली विक्टर, कमलेश चंद, डॉ शुभम अवस्थी , दुशमंता बघेल, केशवानानी जी , सिस्टर भुमि , नव्या चंद समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

नगर निगम के सेवानिवृत्त कर्मियों को आयुक्त की उपस्थिति में दी गई बिदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 1 जून। नगर निगम के सभागृह में आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में जल विभाग में पंप कुली के पद पर कार्यरत कर्मचारी श्री गोपाल साहू एवं स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सफाई कर्मी श्रीमती माधुरी सुभाष व श्रीमती कौशल्या बाई को सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्वक बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके,स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल, समाजकल्याण अधिकारी श्री भूपेन्द्र वाडेकर द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया। बिदाई अवसर पर आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि हमारे तीनों कर्मचारी अपने जीवन का बहुत बड़ा भाग इस संस्था को दिया, और आज 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे है। इन्होंने स्वास्थ्य एवं जल जैसे महत्वपूर्ण विभाग में कुशलतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वाहन किये और आज के बाद समर्पित होकर वे अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन करेंगे मै इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। स्वास्थ्य अधिकारी श्री अग्रवाल ने भी तीनों कर्मचारियों को आने वाले अच्छे भविष्य की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि सफाई जैसे कार्यो को इन्होंने मेहनत व लगन से कार्य किये, इसी प्रकार जल विभाग में भी श्री साहू ने अपने कार्यो का कुशलता से निर्वाहन किया। बिदाई समारोह का आभार प्रदर्शन समाजकल्याण अधिकारी श्री भूपेन्द्र वाडेकर ने एवं संचालन प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे ने किया। इस अवसर पर सहायक लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे, लेखापाल श्री शैलेष पाण्डे व श्री पंकज साहू,प्र. निगम सचिव श्री नारायण यादव, स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

शराब माफिया ने सरपंच की कर दी पिटाई,गांव स्तर पर बैठक के बाद हुआ हंगामा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 1 जून। धर्मनगरी अवैध शराब का गढ़ बनता जा रहा है. क्षेत्र में लगातार शराब की अवैध बिक्री हो रही है. इसके विरुद्ध पुलिस लगातार कार्रवाई का दावा भी करती है, लेकिन सूत्रों माने तो डोंगरगढ़ पुलिस कार्रवाई के नाम खानापूर्ति करती है. यही कारण है कि शराब माफियाओं के हौसले बुलंद हैं. इनके बुलंद हौसलो से इस बात का अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि यहां के शराब माफिया जनप्रतिनिधि से भी मारपीट करने में बाज नहीं आते. पूरा मामला डोंगरगढ़ क्षेत्र के ग्राम सेंदरी का है, जहां 30 जून गुरुवार को सरपंच के साथ शराब कोचियों ने मारपीट की. इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने सैकड़ों की संख्या में डोंगरगढ़ थाना पहुंचे. ग्राम के सरपंच कृष्ण कुमार सिन्हा ने बताया कि गांव में उनके द्वारा शराबबंदी पर मीटिंग की गई, जिसमें गांव में अवैध रूप से शराब बेचने वाले व्यक्ति को बुलाकर गांव में शराब न बेचने की हिदायत दी गई थी. वहीं मीटिंग खत्म होने के बाद सभी अपने घर चले गए. तभी गांव के द्वारका प्रसाद ने सरपंच को अपने घर के पास बुलाया और उसके साथ मारपीट की. इससे आक्रोशित ग्रामीण डोंगरगढ़ थाना पहुंचे. पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई. हालांकि पूरे मामले में टीआई सीआर चंद्रा ने मीडिया से कुछ भी कहने से बचते रहे व सैकड़ों ग्रामीणों की शिकायत दर्ज कर आरोपी के ऊपर मामला बना खानापूर्ति कर दी गई.ग्रामीणों की माने तो आज डोंगरगढ़ शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की अवैध बिक्री नहीं रुकी. पुलिस लगातार मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र से आने वाले अवैध शराब बरामद कर कार्रवाई भी कर रही है लेकिन इन कार्रवाई से असली शराब माफिया जोरों शोरों से अवैध शराब की बिक्री कर रहे हैं वे अभी तक बचे हुए हैं. छोटे कोचिया पर कार्रवाई कर जिम्मेदार विभाग अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा है. यही कारण है कि ये शराब माफिया शासन को खुलेआम अंगूठा दिखा रहे हैं. आखिरकार इन माफियाओं को किनका संरक्षण प्राप्त है।

सीईओ जिला पंचायत ने बैठक में विस्तृत समीक्षा कर कड़े निर्देश दिये

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 1 जून। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के सभी जनपदों के अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सीईओ जिला पंचायत ने सहायक परियोजना अधिकारी कौशल विकास के साथ मिलकर चयनित हितग्राहियों को मांग अनुसार ट्रेनिंग प्लान तैयार करने निर्देश दिया गया। समूह की महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए तथा उन्हें महिला उद्यमी के तौर पर स्थापित करने के लिए कार्य करने कहा। साथ ही संबंधित एसडीएम के साथ बैंकों का भ्रमण कर ऋण प्रकरण स्वीकृत कराने कहा गया। बैंक लिकेज की स्थिति संतोषजनक नहीं पाये जाने पर योजना की प्रगति हेतु विशेष प्रयास करने कड़े निर्देश दिये। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि जिन ग्रामों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, उसे बारिश के पहले हर हाल में पूर्ण कराने निर्देश दिए। जिन सरपंचो व सचिवों द्वारा कार्यों में रूचि नहीं ली जा रही है, उन सरपंचों को अलग अलग तिथियों में समक्ष उपस्थित कराने निर्देशित किया गया। एसडीओ आरईएस को कार्य मे विशेष रूचि लेते हुये मौके मे जाकर निर्माण कार्य की स्थिति से अवगत कराने निर्देश दिया गया। साथ ही बैठक में अमृत सरोवर का निर्माण जन-उपयोगी एवं सार्थक हो इसका विशेष ध्यान रखने निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पंचायत एवं जनपद स्तर के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

नया शिक्षण सत्र शुरू होने के पहले सभी बच्चों को मिले पाठ्यपुस्तक, गणेवश एवं सायकल

स्कूल में बच्चों का बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास होना चाहिए: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 1 जून। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शाला उत्सव एवं शिक्षण कार्यों के संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि स्कूल पठन-पाठन, अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ खेल कूद और अन्य पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाओं का केन्द्र होना चाहिए। स्कूलों में शिक्षक ऐसा वातावरण बनाये जैसे पहले गुरूकुल में हुआ करता था। स्कूल में बच्चों का बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास होना चाहिए। बच्चों एवं शिक्षकों में रचनात्मक गतिविधियां बहुत होती है इसे स्कूलों में करने कहा। बच्चों को अपने आस-पास के वातावरण को कैसे साफ-सफाई एवं स्वच्छ रखें इसकी जानकारी देनी चाहिए। स्कूलों में स्वच्छ वातावरण बनाएं जिससे सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न हो। उन्होंने स्कूलों में सकारात्मक वातावरण बनाने कहा। उन्होंने स्कूलों में नियमित अभिभावकों की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, वृक्षारोपण, खेत का पानी खेत में ही रूके, गांव का पानी गांव में ही रूके, फसल चक्र करना, कम पानी वाली फसलों का उपयोग करने जैसे बातों को बच्चों को बताने कहा। जिससे बच्चों का ज्ञान बढ़ेगा और उनके जीवन में काम आएगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि नये शिक्षण सत्र शुरू होने के पहले सभी बच्चों को पाठ्यपुस्तक, गणेवश एवं सायकल मिल जानी चाहिए। जिससे बच्चे को शुरू से ही पढ़ाई करने में आसानी हो सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में परिवर्तन होते जा रहा है। इसके लिए जल संरक्षण एवं संवर्धन, वृक्षारोपण, फसल चक्र, कम पानी लगने वाली फसलों को प्रोत्साहित करना एवं उपयोग करने कहा और बच्चों को इसके संबंध में शिक्षा भी देना है। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों के शिक्षक एवं शासकीय हॉस्पिटल के डाक्टरों में अनुभव और ज्ञान बहुत होता है। इसका सही तरीके से उपयोग करने की जरूरत है। स्कूलों में संसाधनों की कमी नहीं है इसका सही तरीके से उपयोग करने की जरूरत है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के शासकीय स्कूलों में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करने कहा। सभी स्कूलों में ग्रीन स्कूल की तर्ज पर वृक्षारोपण करने कहा और इसके साथ जल संरक्षण के उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए कार्ययोजना बनाकर देने कहा। जिससे पानी का संरक्षण किया जा सके। उन्होंने महिला एवं विकास विभाग के अधिकारियों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें पौष्टिक आहार नियमित प्रदान करने कहा। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह ने सभी शासकीय स्कूलों भौतिक जानकारी भेजने कहा।

समाचार संक्षेप

लारोकर हत्याकांड के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

डोंगरगढ़ 1 जून। क्रांर मेला 2023 के दौरान रेल्वे चौक के अन्ना इडली दुकान के पास अक्षय लारोकर जघन्य हत्त्याकांड मामला में फरार हुये शेष 02 आरोपीयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना दिनांक 19.10.2023 से फरार थे दोनों आरोपी। मामले पूर्व में 11 आरोपियों एवं 03 नाबालिक बालकों को न्यायालय पेश किया जा चुका है। पुलिस से मिले प्रेस नोट में बताया गया कि क्रांर नवरात्रि पर्व के दौरान 19 अक्टूबर 2023 को अन्ना इडली के सामने रेलवे स्टेशन रोड डोंगरगढ़ के पास मृतक अक्षय लारोकर पिता स्व0 किरण लारोकर उम्र- 28 साल साकिन बुधवारी पारा डोंगरगढ़ तथा सोहेल राज पिता शेख अहमद उम्र- 26 साल बुधवारी पारा डोंगरगढ़ को निलिख रामटेके, कस्तु, सोहेल मिर्जा, राबिन साईमन एवं अन्य 10-12 साथियों द्वारा एक राय होकर हत्या करने की नियत से धारदार चाकु से ताबड़-तोड़ हमला कर गंभीर चोंट पहुंचाया था जिससे अक्षय लारोकर कर ईलाज दौरान सी0एच0सी0 डोंगरगढ़ में मृत्यु हो गई थी तथा सोहेल रजा को आयी चोंट के ईलाज हेतु उच्च स्तरीय चिकित्सायल रिफर किया गया था। जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में आरोपीगण के विरूद्ध धारा- 302, 307, 147, 148, 149 भादवि एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण में कुल 11 आरोपियो एवं 03 नाबालिक बालकों को पकड़कर वैधानिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय में पेश किया जा चुका है। मामला में आरोपी शेखर ठाकुर उर्फ खज्जी पिता बुधारू राम ठाकुर उम्र- 24 साल साकिन स्टेशन पारा ओ0पी0 चिखली राजनांदगांव एवं रवि यादव उर्फ कमलेश उर्फ जुजु पिता लक्ष्मण यादव उम्र- 27 साल साकिन स्टेशन पारा ओ0पी0 चिखली राजनांदगांव घटना दिनांक से फरार था जिसकी लगातार पता तलाश किया जा रहा था। कि दिनांक- 30 मई 2024 को फरार आरोपी में के संबंध में मुखबीर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम तैयार कर फरार आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़कर 30 मई 2024 को गिरफ्तार न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

ग्राम परसबोड़ में जल संकट गहराया



डोंगरगढ़ 1 जून। नौतपा मे पड़ रही भीषण गर्मी मे जहा सूरज जमी पर है, पूरा प्रदेश तप रहा है, झुलस रहा है व इन दिनों कई ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट गहरा गया है व गांव में लगे हैंडपंपों से गंदा पानी आ रहा है। ऐसी विषम परिस्थितियों को देखते हुए पूर्व विधायक भूनेश्वर बघेल ने, परसबोड के सरपंच, एवं ग्राम वासियों के साथ समस्या के निदान को लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का घेराव कर अधिकारियों को ज्ञापन देकर तत्काल कार्यवाही करने के लिए जल संकट से ग्राम वासियों को निदान दिलाने की माँग की है।इस पर क्षा्र के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही समस्या का निदान करेंगे। वही ग्रामीणों बताया कि लोग भीषण गर्मी से बचने के लिए ए सी/कूलर से हट नहीं रहे है तो पूर्व विधायक भूनेश्वर बघेल जनता की समस्या को लेकर भरी दोपहरी में भी समस्या के निदान के लिए ग्रामीणों के साथ आकर अधिकारी को समस्या से निदान के लिए अवगत कराया ।

हत्याकाण्ड में फरार आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव 1 जून। क्रांर नवरात्रि पर्व दौरान दिनांक- 19.10.2023 को अन्ना इडली के सामने रेलवे स्टेशन रोड डोंगरगढ़ के पास मृतक अक्षय लारोकर पिता स्व0 किरण लारोकर उम्र- 28 साल साकिन बुधवारी पारा डोंगरगढ़ तथा सोहेल राज पिता शेख अहमद उम्र- 26 साल बुधवारी पारा डोंगरगढ़ को निलिख रामटेके, कस्तु, सोहेल मिर्जा, राबिन साईमन एवं अन्य 10-12 साथियों द्वारा एक राय होकर हत्या करने की नियत से धारदार चाकु से ताबड़-तोड़ हमला कर गंभीर चोंट

पंहुचाया था जिससे अक्षय लारोकर कर ईलाज दौरान सी0एच0सी0 डोंगरगढ़ में मृत्यु हो गया था तथा सोहेल रजा को आयी चोंट के ईलाज हेतु उच्च स्तरीय चिकित्सायल रिफर किया गया था। जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में आरोपीगण के विरूद्ध धारा- 302, 307, 147, 148, 149 भादवि एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण में कुल 11 आरोपियो एवं 03 अपचारी बालकों को पकड़कर वैधानिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय में पेश किया जा चुका है। मामला में आरोपी शेखर ठाकुर उर्फ खज्जी पिता बुधारू राम ठाकुर उम्र- 24 साल साकिन स्टेशन पारा ओ0पी0 चिखली राजनांदगांव एवं रवि यादव उर्फ कमलेश उर्फ जुजु पिता लक्ष्मण यादव उम्र- 27 साल साकिन स्टेशन पारा ओ0पी0 चिखली राजनांदगांव घटना दिनांक से फरार था जिसकी लगातार पता तलाश किया जा रहा था। कि दिनांक- 30.05.2024 को फरार आरोपीगण सकुनत में उपस्थित होने की मुखबीर सूचना मिलने पर थाना प्रभारी डोंगरढ़ सी0आर0 चन्द्रा द्वारा तत्काल श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग, अतिएपुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शुक्ला एवं एसडीआपी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशिष कुंजाम को अवगत कराकर दिशा-निर्देश प्राप्त कर दिये गये दिशा-निर्देश अनुसार थाना डोंगरगढ़ से उप निरीक्षक राजेश कुमार, उप निरीक्षक शंकर गिरी गोस्वामी, प्र0आर0- अजीत टोप्पो, आरक्षक मनोज हरमुख, चन्द्रप्रताप सिंह, लीलाधर मण्डलोई का टीम तैयार कर आरोपीगण के पता तलाश हेतु उसके सकुनत पर टीम भेजा गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा फरार आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़कर विधिवत दिनांक- 30.05.2024 गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

संपादकीय

गरमी और संवेदना

जब गरमी चरम पर हो, तब विशेष रूप से मजदूरों व मेहनतकश लोगों की चिंता सबसे जरूरी है। इस लिहाज से दिल्ली के उप-राज्यपाल वी के सक्सेना ने जो निर्देश दिया है कि निर्माण स्थलों पर काम करने वाले मजदूरों को दोपहर 12 से 3 बजे तक सवैतनिक अवकाश दिया जाए, उसकी सराहना की जानी चाहिए। दिल्ली में जब पारा 50 डिग्री के पार चला गया हो, तब मजदूरों के अनुकूल कदम उठाना और उनसे काम लेने वालों को उदारता के लिए पाबंद करना समय की मांग है। राष्ट्रीय राजधानी में भीषण गरमी के बावजूद अनेक ऐसे क्षेत्र हैं, जहां काम नहीं रुक सकता, पर कार्य के समय को मौसम के अनुरूप बनाया जा सकता है। जहां भी मजदूरों को धूप में काम करना पड़ रहा है, वहां यह नियम लागू होना चाहिए या काम के घंटों में परिवर्तन किया जाना चाहिए। पहले के दौर में किसान सुबह छह से ग्यारह बजे तक खेतों में काम करने के बाद लौट आते थे और शाम चार बजे के बाद ही वापस खेत में काम के लिए लौटते थे। किसी काम को पूरा करने के लिए यह कतई जरूरी नहीं कि जीवन को खतरे में डाला जाए। प्रतिकूल मौसम में मजदूरों के अनुरूप नीतियों की पालना अनिवार्य है। आमतौर पर मजदूरों के बारे में नहीं सोचा जाता है। बड़ी संख्या में मजदूर विपरीत हालात में काम करते पाए जाते हैं। उनसे काम लेने वाले उनकी सहूलियत के बारे में रत्ती भर भी नहीं सोचते हैं। आज जब भारत के एक बड़े क्षेत्र में तापमान कुछ ज्यादा ही परेशान कर रहा है, तब दिल्ली की तरह ही दूसरे राज्यों की सरकारों को भी समाधान पर गौर करना चाहिए। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने तो अपने मातहत कार्यरत मजदूरों को दिन में तीन घंटे का ब्रेक देने संबंधी व्यवस्था को पहले ही लागू कर दिया है। खास बात यह है कि यह व्यवस्था तब तक लागू रहेगी, जब तक पारा 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं आएगा। हालांकि, ऐसे मामलों में केवल निर्देश देना ही पर्याप्त नहीं है। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्देश को सभी कंपनियां और ठेकेदार अपने दायरे में पूरी तरह से लागू करें। स्वयं मजदूरों को भी अपनी स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सचेत होना चाहिए। चंद पैसों के लिए लू का शिकार होकर जीवन संकट में डालना सही नहीं है। उन्हें अपने आसपास पानी का इंतजाम भी करवाना चाहिए। अधिकारियों ने तो कागजी भलमनसाहत दिखाते हुए मजदूरों के लिए नारियल पानी तक का इंतजाम रखने के लिए कहा है, पर क्या तमाम कार्यस्थलों पर शीतल पेयजल भी उपलब्ध है? शहरों में बढ़ते तापमान से निपटने के लिए जल और छिड़काव की सबसे ज्यादा जरूरत है, पर क्या शहरों ने पर्याप्त पानी का इंतजाम कर लिया है? ऐसे इलाकों में क्या होगा, जो पेयजल के लिए भी तरस रहे हैं पेयजल का इंतजाम न होने की वजह से ही बिहार में अनेक स्कूलों में बच्चों के बीमार पड़ने की शिकायत सामने आई है। पहला सवाल तो यही है कि इतनी गरमी में स्कूल क्यों खुले हुए थे? जब पारा 42 के पार पहुंच जाए, तो स्कूल चलाना क्यों जरूरी है? देश में ज्यादातर स्कूल बंद हो गए हैं, तो बिहार में स्कूलों को खोलने और बच्चों को बुलाने की क्या मजबूरी थी? अगर भीषण गरमी में भी स्कूल चलाए जा रहे थे, तब उन स्कूलों में शीतल जल और बिजली से संचालित पंखों की व्यवस्था किसकी जिम्मेदारी थी? देश के जिन इलाकों में स्कूलों के पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं, उन्हें विशेष रूप से सतर्क रहना चाहिए, ताकि किसी भी बच्चे के बीमार पड़ने की नौबत न आए।

पर्यावरण

ललित गर्ग

प्रकृति एवं पर्यावरण में जहर घोलने से बढ़ी जानलेवा गर्मी

लोकसभा चुनाव के प्रचार की गर्मी भले ही समाप्त हो गयी हो लेकिन प्रकृति से जुड़ी गर्मी सौ-डेढ़ सौ वर्षों का रिकार्ड तोड़ते हुए कहर बरपा रही है। दिल्ली का पारा 50 डिग्री से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपातकाल है। हीटवेव या यों कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को मौत के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। लू या हीटवेव या तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। वैज्ञानिक बता रहे हैं कि शहरों में हीट आइलैंड बन रहे हैं, जिसके लिए मुख्य रूप से सीमेंट-तारकोल और कृत्रिम वातानुकूलित (एसीवाली) जीवनशैली जिम्मेदार है। कंक्रीट और तारकोल के जंगलों का विस्तार करने को जब तक हम अपनी जरूरत समझते रहेंगे तब तक हरे-भरे जंगलों को कटने से कोई नहीं रोक सकेगा। दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर देश जब तक जीडीपी से विकास को मापेगा, बेहिसाब औद्योगीकरण एवं शहरीकरण की होड़ रहेगी, तब तक पर्यावरण असंतुलन एवं गर्मी का प्रकोप ऐसे ही विनाश का कारण बनता रहेगा। इस बार बढ़ती गर्मी ने सारे रेकॉर्ड तोड़ दिये हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। राजधानी दिल्ली के एक इलाके में अधिकतम पारा 52.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो देश के इतिहास का सबसे ज्यादा तापमान है। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास या ऊपर ही चल रहा है। जैसलमेर आदि स्थानों पर गर्मी इतने तेज है कि धरती तवे की तरह तप रही है, लोगों ने पापड़ सेक कर या आमलेट बनाते हुए दृश्य सोशल मीडिया पर दिखाये हैं। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे है। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो रहा है। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्त्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास की भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं।

विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि उन्हें मौसम नहीं बल्कि गरीबी मारती है। जलवायु परिवर्तन का असर अब ज्यादा स्पष्ट तौर पर दिखने लगा है। अगर गर्मी पड़ रही है तो पिछले कई दशक के रिकॉर्ड तोड़ रही है। अगर बारिश हो रही है तो कुछ घंटों में ही पूरे मॉनसून की बरसात के बराबर पानी गिर रहा है। सर्दी भी साल-दर-साल नए रिकॉर्ड बना रही है। कुल मिलाकर हर मौसम अब अप्रत्याशित क्रूरतम रुख दिखा रहा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, अल नीनो और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की दोहरी मार के कारण धरती के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे धरती पर मौजूद सभी जीव-जंतुओं, वनस्पति और इंसानों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। अनेक लोगों की भीषण गर्मी में जान चली गयी, बिहार की स्कूली छात्राएं बड़ी संख्या में बेहोश हो गयी। इन जटिल स्थितियों को देखते हुए गर्मी के मौसम में काम के घंटों का निर्धारण एवं स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों की अवधि मौसम की अनुकूलता के अनुरूप ही होनी चाहिए। आसन्न संकट को महसूस करते हुए दीघर्कालीन रणनीति, इस चुनौती से निपटने के लिये बनाने की जरूरत है। दुनियाभर में अगले 20 साल के भीतर कूलिंग सिस्टम्स यानी एयरकंडीशन की मांग में कई गुना बढ़ी है। सुविधावादी जीवनशैली एवं तथाकथित आधुनिकता ने पर्यावरण के असंतुलन को बेतहाशा बढ़ाया है। तापमान में भी साल-दर-साल बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। जहां तापमान ने नए रिकॉर्ड्स बनाने शुरू कर दिए हैं वहीं, भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम को लेकर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। सरकारों को नीतिगत फैसला लेकर बदलते मौसम की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा। समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी कृषि एवं खाद्य सुरक्षा शृंखला भी प्रभावित होगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है। दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं ,वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है। एशिया के अलावा यूरोप व अमेरिकी देशों में भी तापमान में अप्रत्याशित बदलाव नजर आ रहा है।

सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व अरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। खासकर ऐसे

समय में जब हरियाणा व राजस्थान में पारा पचास पार करके गंभीर चुनौती का संकेत दे रहा है। स्कूल-कालेजों के संचालन, दोपहर की तीखी गर्मी के बीच कामगारों व बाजार के समय के निर्धारण को लेकर देश में एकरूपता का फैसला लेने की जरूरत है। कुछ जगह धारा 144 लागू की गई है, जो इस संकट का समाधान कदापि नहीं है। कभी संवेदनशील भारतीय समाज के संपन्न लोग सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ की व्यवस्था करते थे। लेकिन आज संकट यह है कि पानी व शीतल पेय के कारोबारी मुनाफे के लिये सार्वजनिक पेयजल आपूर्ति को बाधित करने की फिराक में रहते हैं। सरकारें भी जल के नाम पर राजनीति करती है। दिल्ली के अनेक इलाकों में बढ़ती गर्मी के साथ जल आपूर्ति एक बड़ी समस्या बनी हुई है। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को पानी से बुझाना चाहते हैं। विभिन्न प्रांतों के बीच का यह विवाद आज हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है, जनजीवन से खिलवाड़ कर रहा है। जीवनदायक वस्तुएं प्रभु ने मुफ्त में दे रखी है। पानी, हवा एवं प्यार और आज वे ही विवादास्पद, दूषित और झूठी हो गयी हैं। इस तरह की तुच्छ एवं स्वार्थ की राजनीति करने वाले नेता क्या गर्मी एवं जल-समस्याओं का समाधान दे पायेंगे?

आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। भाई-बहनों से आपको सहयोग मिलेगा। पहले शुरू किये गये ज्यादातर काम आज पूरे होंगे। रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज खत्म होंगी, जिससे आपके रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। साथ ही आज धन लाभ के नए अवसर मिलेंगे।

वृष राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपकी योजनाओं के अनुसार, सभी काम होने से आपका मन काम में लगा रहेगा। सामाजिक कामों में आपकी रूचि बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी से.. काम में पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है। आप चीजों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे। संतान की ओर से सुख मिल सकता है। कोई गोपनीय बात आपको पता चल सकती है।

मिथुन राशिः आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनो से चल रही किसी दोस्त से अनबन आज खत्म होगी। राजनीति व सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा।महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज कोई जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आपको राहत मिलेगी। कुल मिलाकर आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा।

कर्क राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फ़ोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। आज जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करने का प्लान कर सकते हैं। अगर आपको कोई समस्या है तो जल्द ही उसका समाधान आपको मिल जाएगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। परिवार में धार्मिक अनुष्ठान की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आपके व्यवहार में अच्छे बदलाव आने से आपके कुछ नए दोस्त बन सकते हैं। लवमेट आज एक दूसरे के भावनाओं का सम्मान करेंगे, जिससे रिश्ते में मधुरता आयेगी।

कन्या राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको किस्मत का साथ मिलने से कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श करना पड़ सकता है। इस राशि के जो लोग मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते हैं, उनके लिए आज का दिन बेहद खास है। जीवन में चल रही सभी परेशानियां जल्द दूर होगी। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस स्टार्ट करना चाहती हैं, उनके लिए आज अच्छे योग बन रहे हैं।

तुला राशिः आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में आपको बड़ा धन लाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। राइटर आज कोई नई स्टोरी लिख सकते हैं जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जाएगा। परिवार में नए सदस्य के जुड़ने से सभी लोग बहुत खुश होंगे। इस राशि के जो लोग पेंटिंग्स बनाने का काम करते हैं उनकी कोई पेंटिंग बड़े एक्सिबिसन में लगाई जा सकती है जहां लोगों द्वारा खूब सराहना मिलेगी।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं। आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। कूरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा। मेहनत और लगन देखकर आज आपके जूनियर आपसे कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे। आपको तली-भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए इससे आप स्वास्थ्य समस्या से दूर रहेंगे।

धनु राशिः आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने मन की बात किसी खास मित्र से शेयर करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्त की बर्थ-डे पार्टी में जाएंगे, जहां बाकी दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करने का मौका मिलेगा। कोई नई स्किल सीख सकते है जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा। आज आप आर्थिक मामलो मे किसी एक्सपर्ट से सलाह लेंगे, यह सलाह मददगार साबित होगी। ऑफिस में रुके हुए काम को समय से पूरा कर लेंगे।

मकर राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। जो लोग रियल स्टेट का बिजनेस कर रहे हैं वो लोग नया हाउसिंग प्रोजेक्ट लांच कर सकते हैं।

कुंभ राशिः आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आपकी लंबी बातचीत हो सकती है, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने की प्लानिंग कर सकते हैं। किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी साथ ही साथ आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। आज आपको माता-पिता का मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

मीन राशिः आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर डेकोरेशन का काम करवा सकते हैं। कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। आज अपने डेली रूटीन में कुछ बदलाव कर सकते हैं। किसी काम को करने का नया तरीका बिज़नस मे फायदा करायेगा। राजनीति में आपके अच्छे कार्यों की तारीफ होगी। पारिवारिक माहौल शानदार रहने वाला है।

व्यंग्य

नेताओं की भूख और गरीब की मजबूरी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

गर्मी के दिन थे, मेरे मित्र को बहुत पसीना आ रहा था। मैंने सोचा, चलो गर्मी का असर है। लेकिन हकीकत कुछ और थी। उसने बताया कि स्थानीय दबंग विधायक के बेटे ने पचास बोरी चावल की माँग की है। न देने पर 'आगे खैर नहीं' की धमकी दी है। मैंने पूछा, 'इतने बड़े विधायक के घर में खाने के लाले पड़ गए हैं क्या?' उसने कहा, 'नेता लोग जोंक की तरह होते हैं। दूसरों का खून चूसने वाले भूख से नहीं मर सकते। ये तो भूख के नाम पर धंधा करते हैं।' जब मैंने पूछा कि वे इन पचास बोरी चावल का क्या करेंगे, मित्र ने कहा, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जरूरतमंदों में चावल बाँटकर नाम कमाना चाहते हैं। अपनी जेब से कभी एक पैसा खर्च नहीं करते, इसीलिए उन्होंने मुझे फोन किया। मैंने कहा, यह तो बड़ी गजब बात है। चावल दे कोई, बाँटे कोई, और नाम कमाए कोई। यह तो वही बात हुई- काम किसी का, नाम किसी का। फिर भी, मित्र ने पचास बोरी चावल पहुँचा दिया। अगले दिन समाचार पत्रों में विधायक जी की बड़ी मुंडी के साथ उनके लाड़ले की छोटी मुंडी भी छपी। उसमें लिखा था कि स्थानीय विधायक जी पार्टी की ओर से अपनी जेब से पैसा खर्च कर पचास बोरी चावल जरूरतमंदों में बाँट रहे हैं। विधायक जी बड़े अक्लमंद हैं। वे भविष्य के लिए मंच तैयार करने के लिए चावल बाँटने की जिम्मेदारी अपने बेटे को सौंप दी। जिले के समाचार पत्रों में बेटे की बड़ी मुंडी वाली फोटो छपी। बड़े-बड़े अक्षरों में बेटे द्वारा चावल बाँटने की बात लिखी थी। बेटा भी कहाँ कम था। उसने यह जिम्मेदारी ब्लॉक के नेताओं को सौंप दी। ब्लॉक के नेताओं ने ब्लॉक स्तर पर अपनी-अपनी मुंडियाँ ऐसे छपवाई जैसे काली माई ने नरमुंडमाला पहनी हो। उन्होंने चावल बाँटने की जिम्मेदारी लंबी जुबान लटकाए अपने पिछलग्गुओं को सौंप दी। अब पिछलग्गु थे लंबी जुबान और मोटी तोंद वाले। सो उन्होंने चावल बाँटने की जगह सारा का सारा चावल हड़प लिया। इस तरह, समाचार पत्रों के हिसाब से जरूरतमंदों में चावल बंट चुका था। विधायक जी की प्रशंसा हो रही थी। सभी समाचार पत्र उन्हीं की खबरों से पटे पड़े थे। विधायक जी की सफलता का जश्न मनाने के लिए बेटे ने स्थानीय नेताओं को आदेश दिया। स्थानीय नेताओं ने अपने पिछलग्गुओं को आदेश का पालन करने के लिए कहा। जश्न वाले दिन हड़पे हुए चावल की बिरयानी बनी। सभी नेताओं ने जमकर खाया। इस अवसर पर ब्लॉक के नेताओं ने कुछ गरीबों को डरा धमकाकर जनसभा में घसीट लाया। इन्हें दो-तीन सौ रूपये, एक बिरयानी का पैकेट और छोटे-से पौवे का लालच देकर विधायक जी की प्रशंसा करने के लिए मंच पर चढ़ा दिया गया। मंच पर चढ़े एक गरीब ने विधायक जी की प्रशंसा के पुल बाँधते हुए कहा, ह्लहमारे विधायक जी भगवान हैं। यदि आज वे न होते तो इस लॉकडाउन में हम भूखों मर जाते। भला हो ऊपरवाले का जिसने हमें भगवान समान विधायक जी को इस अवसर पर अन्नदाता के रूप में भेज दिया। उनका बाँटा हुआ चावल एकदम बारीक था। इतना महँगा और बेहतरीन चावल आज तक हमने जिंदगी में नहीं खाया। धन्य हैं हमारे विधायक जी। मैं उनकी लंबी आयु की कामना करता हूँ। विधायक जी जिंदाबाद।

गर्मी

डॉ. सत्यवान सौरभ

गाय-भैंसों को भी लग सकती है लू

देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है, गर्मी का असर इंसान के साथ-साथ मवेशियों के ऊपर भी दिखने लगा है। इस मौसम में पशुओं को लू लगने का खतरा बना रहता है साथ ही अधिक तापमान का असर दूध देने वाली मवेशियों पर होता है और उनके दूध देने की क्षमता कम हो जाती है। जिसका नुक़सान किसानों को उठाना पड़ता है। ऐसे में पशुपालकों को इस समय पशुओं की उचित देखभाल करनी चाहिए। बढ़ते तापमान को देखते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुओं को लू से बचाने के लिए एडवाइजरी भी जारी की जाने लगी है। पशुपालक को मौसम में होने वाले परिवतनी के अनुसार अपने पशुओं का प्रबंधन करना चाहिए जिससे उनके उत्पादन पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े। गर्मी के मौसम में पशुओं के बीमार होने की संभावना बढ़ जाती है। गर्म हवाओं एवं तापमान अधिक होने पर पशुओं को लू लगने का भी खतरा बना रहता है।

भारत में पशुपालन के तहत बड़े स्तर पर दुधारु पशुओं को पाला जाता है। इनमें सबसे ज्यादा गाय, भैंस, बकरी और ऊंट की तादात शामिल है। जाहिर है कि पशुपालन बेहद जिम्मेदारी वाला काम है, जिसमें समय पर पशुओं की साफ-सफाई, चारा देना, पानी देना, दुहाना और घुमाना शामिल है। लेकिन गर्मियां आते ही तपती धूप में पशुओं को लू लगने के समस्या भी घेर लेती है। हालांकि पहले से ही सावधानियां बरत के बीमारियों को पनपने से रोका जा सकता है। लेकिन फिर भी परेशानी बढ़ जाये तो समय रहते इनकी पहचान करके पशुओं को बीमार होने से बचाया जा सकता है।

हालांकि गर्मी के मौसम का दुष्प्रभाव सभी प्रजातियों के जानवरों में देखा जाता है, लेकिन गाय, भैंस और मुर्गे अधिक प्रभावित होते हैं। यह काले रंग, पसीने की ग्रंथियों की कम संख्या और भैंसों में विशेष हामौन के प्रभाव, और मुर्गी में पसीने की ग्रंथियों की अनुपस्थिति और शरीर के उच्च तापमान (107 ह्र) के कारण होता है। जाहिर है कि देश में तपती धूप में कभी-कभी पारा 45 डिग्री तक चला जाता है। ऊपर से गर्म हवाओं से पशुओं को पानी की कमी और हीट-स्ट्रोक हो सकता है। अगर समय से सावधानियां बरती जाये तो बीमरियों की संभावना कम हो जाती है। लेकिन फिर भी पशु गर्मी के चलते बीमार हो जाते हैं तो इन लक्षणों से पहचान कर सकते हैं- पशु को

बढ़ते पारे ने दुधारू पशुओं पर बहुत दबाव डाला है और यह सबसे बुरा तब होगा जब सापेक्ष आद्रर्ता 90% से अधिक हो जाएगी। मौजूदा परिस्थितियो मे दूध का उत्पादन कम फीड इनटेक और अतिरिक्त हीट लोड के कारण भी कम हुआ है। हरे चारे की मात्रा बढ़ानी चाहिए और लंबे चारे को खिलाने से पहले काटना चाहिए। यदि चराई का अभ्यास किया जाता है, तो जानवरों को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चराने से बचें। 20-30 मिनट के लिए बराबर मात्रा में पानी में भिगोने से पोषक तत्वों का उपयोग बढ़ जाएगा। गमियों के दौरान आहार खनिज और विटामिन पूरकता में वृद्धि की जानी चाहिए क्योंकि गर्मी के तनाव के प्रभाव में इसका उत्सर्जन बढ़ जाता है। गर्मी के तनाव की अवधि के दौरान आहार में सोडियम और पोटेशियम की आपूर्ति से दूध की उपज बढ़ जाती है। पशुओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए उचित कृमिनाशक और टीकाकरण कार्यक्रम का पालन किया जाना चाहिए।

तेज बुखार और बेचैनी होना, ठीक से आहार न लेना, तेज बुखार में हाँफना, नाक और मुंह से लार का बहना, आंखों का लाल होना और आँसू बहना, तेज सांस लेना और लड़खड़ाकर के गिरना, सुस्ती और खाना-पानी बंद कर देना।

त्वधिक गर्म आई या गर्म शुष्क मौसम के दौरान, पसीने और हांफने से गर्मी को दूर करने के लिए मवेशियों की थर्मोरगुलेटरी क्षमता से समझौता किया जाता है और गर्मी का तनाव होता है। गंभीर गर्मी के तनाव से शरीर के तापमान में वृद्धि हो सकती है, नाड़ी की दर में वृद्धि हो सकती है, परिधीय रक्त प्रवाह में वृद्धि हो सकती है, भोजन का सेवन कम हो सकता है और पानी का सेवन बढ़ सकता है। बढ़ते पारे ने दुधारू पशुओं पर बहुत दबाव डाला है और यह सबसे बुरा तब होगा जब सापेक्ष आद्रर्ता 90% से अधिक हो जाएगी। मौजूदा परिस्थितियों में दूध का उत्पादन कम फीड इनटेक और अतिरिक्त हीट लोड के कारण भी कम हुआ है। हरे चारे की मात्रा बढ़ानी चाहिए और लंबे चारे को खिलाने से पहले काटना चाहिए। यदि चराई का अभ्यास किया जाता है, तो जानवरों को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चराने से बचें। 20-30 मिनट के लिए बराबर मात्रा में पानी में भिगोने से पोषक तत्वों का उपयोग बढ़ जाएगा। गमियों के दौरान आहार खनिज और विटामिन पूरकता में वृद्धि की जानी चाहिए क्योंकि गर्मी के तनाव के प्रभाव में इसका उत्सर्जन बढ़ जाता है। गर्मी के तनाव की अवधि के दौरान आहार में सोडियम और पोटेशियम की आपूर्ति से दूध की उपज बढ़ जाती है। पशुओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए उचित कृमिनाशक और टीकाकरण कार्यक्रम का पालन किया जाना चाहिए। एक्टो-परजीवी, जिनका संक्रमण गमियों के दौरान बढ़ जाता है, को जानवरों के साथ-साथ शेड में, विशेष रूप से कोनों और दरारों में उपयुक्त एसारिसाइडल स्प्रे का उपयोग करके ठीक से नियंत्रित किया जाना चाहिए। गर्मी के मौसम में उचित देखभाल और प्रबंधन तकनीक से किसानों को स्वस्थ पशुओं को बनाए रखने, अधिक दूध उत्पादन और डेयरी फार्मिंग से निश्चित लाभ प्राप्त करने में मदद मिलेगी। गर्मी के महीनों के दौरान जानवरों की देखभाल उनके स्वास्थ्य, कल्याण और समग्र अस्तित्व को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। तीव्र गर्मी और अत्यधिक मौसम की स्थिति जानवरों के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां और जोखिम पैदा कर सकती है, लेकिन उचित देखभाल और ध्यान से इन्हें कम किया जा सकता है। गर्मी के तनाव और निजर्लीकरण को रोकने के लिए पर्याप्त छाया, ताजा पानी और पर्याप्त वेंटिलेशन प्रदान करना आवश्यक है। रहने की जगह को नियमित रूप से संवारना और साफ़ाइसुथरा रखना जानवरों को गर्मी से निपटने में मदद करता है और त्वचा के संक्रमण और परजीवियों के जोखिम को कम करता है। इसके अतिरिक्त, गर्म मौसम के दौरान व्यायाम दिनचर्या को समायोजित करना, भोजन कार्यक्रम, और गर्मी के थकावट या तापघात के संकेतों की निगरानी करना महत्वपूर्ण है। गमियों के दौरान विभिन्न जानवरों की प्रजातियों की विशिष्ट आवश्यकताओं के बारे में खुद को और दूसरों को शिक्षित करना जिम्मेदार पालतू स्वामित्व को बढ़ावा दे सकता है और अनावश्यक पीड़ा को रोक सकता है। इन उपायों को लागू करके, हम अपने पशु साथियों के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक वातावरण बना सकते हैं, उनकी भलाई सुनिश्चित कर सकते हैं और मनुष्यों और जानवरों के बीच एक मजबूत बंधन को बढ़ावा दे सकते हैं। याद रखें, हमारे प्यारे, पंखदार, और स्केली दोस्त उनकी देखभाल और सुरक्षा के लिए हम पर भरोसा करते हैं, खासकर चुनौतीपूर्ण गर्मी के मौसम में।

बच्चों की प्रतिभा को देख कलेक्टर हुए अभिभूत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 1 जून। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि बस्तर में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है केवल इन्हें निखारने और उभारने के लिए बेहतर अवसर प्रदान करना आवश्यक है। इसे ग्रीष्मकालीन अवकाश में आयोजित समर कैम्प में स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा को पूरी दक्षता के साथ श्रेष्ठतम प्रदर्शन के द्वारा साबित कर दिखाया है। जिसमें बच्चों ने गीत,नृत्य,अभिनय,हस्तकला,ज्वेलरी डिजाइन,क्लॉथ पेंटिंग,चित्रकला,नाटक सहित हल्बी एवं गोंडी बोली सीखने-समझने का सुअवसर मिला और बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिला है। कलेक्टर श्री विजय शुक्रवार को बस्तर एकेडमी ऑफ डांस आर्ट एंड लिटरेचर बादल अकादमी आसना में 30 दिवसीय समर कैंप के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए उक्त बात कही।

कलेक्टर ने बादल संस्था में आयोजित समर कैंप में सभी के समन्वय से अधिकाधिक बच्चों की सहभागिता पर खुशी व्यक्त की और बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन के द्वारा सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास हेतु एक-दूसरे से सीखने का अवसर प्राप्त होने के साथ ही नवाचार को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने बच्चों की उत्कृष्ट रचनात्मक कार्यों को प्रेरक निरूपित करते हुए सभी बच्चों के साथ ही पालकों एवं प्रशिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने बादल संस्था के द्वारा बस्तर की सामाजिक-सांस्कृतिक रीति-नीति,बोली,लोकगीत-लोकनृत्य इत्यादि के संरक्षण-संवर्धन की दिशा में दिए जा रहे उल्लेखनीय योगदान को सराहनीय रेखांकित करते हुए संस्था के प्रति रुझान एवं भरोसा बढ़ाने के लिए हर्ष जताया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे के साथ बच्चों द्वारा प्रशिक्षण में तैयार पेंटिंग,हस्तकला,शिल्पकला इत्यादि का अवलोकन कर बच्चों के हुनर को सराहा। इस मौके पर युवराज मोरला के द्वारा गोंद से की गई आकर्षक पेंटिंग एवं हर्ष पाणिग्राही के एनिमेट ड्राइंग की तारीफ कर उक्त दोनों बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान समृद्धि ठाकुर, गौरव नेताम एवं नियति ठाकुर ने स्वयं से बनाए गए गुलदस्ता भेंट की। समर कैम्प के समापन समारोह के आरंभ में बच्चों ने गणेश वंदना सहित राष्ट्रगीत वन्देमातरम की सुरमयी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं बच्चों ने लोकगीत एवं लोकनृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी,साथ ही गोंडी एवं हल्बी बोली में सम्बोधन,पहेली बूझने के अलावा हारमोनियम,ढोलक,क्लेप-बॉक्स इत्यादि वाद्य यंत्रों को पारंगत ढंग से बजाया। समर कैंप समापन समारोह में कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत द्वारा बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका हौसला-अफजाई किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं नोडल अधिकारी बादल संस्था श्री गणेश सोरी,बादल संस्था के प्रशासक आशुतोष ठाकुर सहित बादल के प्रशिक्षक,समाज प्रमुख और बड़ी संख्या में बच्चों के साथ उनके माता-पिता एवं अभिभावक मौजूद थे।

एक नजर

उप-मुख्यमंत्री ने एम्स पहुंचकर आईईडी ब्लास्ट में घायल महिलाओं का हालचाल जाना

रायपुर,1 जून। उप-मुख्यमंत्री व गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज रायपुर एम्स पहुंचकर आईईडी ब्लास्ट में घायल भीमापुरम गांव की दोनों महिलाओं का हालचाल जाना। नक्सलियों ने बंदूक के बल पर सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र के इस गांव में एक ग्रामीण के घर में आईईडी छिपाकर रख दी थी, जिसमें ब्लास्ट होने से दोनों महिलाएं कल घायल हो गई थीं। उप-मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने एम्स के डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। एम्स के डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि दोनों खतरे से बाहर हैं और उनका समुचित उपचार किया जा रहा है। श्री शर्मा ने दोनों के बेहतर से बेहतर इलाज के निर्देश दिए।

आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन योजनांतर्गत आवेदन आमंत्रित

सुकमा, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन योजनांतर्गत शिक्षा सत्र 2024-25 में विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र दुर्ग में कन्या तथा जगदलपुर में बालक वर्ग के इच्छुक विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। जिसमें अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2023-24 के तहत कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थी जिन्होने 12 वीं बोर्ड परीक्षा न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण की हो एवं विज्ञान एवं वाणिज्य विषय के साथ आगामी उच्च पढ़ाई के इच्छुक हो। ऐसे इच्छुक विद्यार्थियों को विभाग के साथ अनुबंध पत्र हस्ताक्षर करना होगा कि विज्ञान एवं वाणिज्य विषयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर तथा बीएड की पढ़ाई के पश्चात् प्रदेश के अनुसूचित ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकीय सेवाएं देने के लिए सहमत है। विद्यार्थियों में से बालक एवं बालिकाओं को क्रमशः बस्तर एवं दुर्ग जिला मुख्यालय पर संचालित विज्ञान एवं वाणिज्य केन्द्र पर अस्थायी प्रवेश दिया जायेगा । अस्थायी रूप से प्रवेशित समस्त विद्यार्थियों को स्वयं की रूचि से संबंधित जिला मुख्यालय अथवा आसपास संचालित शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय,विश्वविद्यालय में संचालित विज्ञान, वाणिज्य विषय की स्नातक अथवा स्नातकोत्तर कक्षाओं में 15 दिवस के अन्दर प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। प्रवेश के दौरान सहयोग एवं मार्गदर्शन संस्था के प्रशासकीय अधिकारी तथा संबंधित जिले के सहायक आयुक्त द्वारा दिया जायेगा । नियमित शिक्षण संस्थान में प्रवेश के बाद विद्यार्थियों को विज्ञान एवं वाणिज्य विकास केन्द्र में स्थायी प्रवेश दिया जायेगा। स्थायी प्रवेश के पश्चात् विद्यार्थियों को योजना के तहत दिये जाने वाली अन्य सुविधाओं की पात्रता होगी।आवेदन की अंतिम तिथि 08 जून 2024 निर्धारित की गई है। आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जिला सुकमा से संपर्क कर सकते हैं।

जिले के रक्तदाताओं को किया जाएगा सम्मानित

उत्तर बस्तर कांकेर,1 जून। विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून के अवसर पर सम्मान हेतु इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा द्वारा जिले के रक्तदाताओं से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। इसके लिए सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाले रक्तदाता, महाविद्यालयीन विद्यार्थी या शासकीय कर्मचारी अपनी प्रविष्टियां सादे कागज पर सचिव इंडियन रेडक्रास सोसायटी कांकेर की ओर रक्तदान प्रमाण पत्र, फोटो दस्तावेज सहित पीडीएफ फाईल जिला शाखा के ईमेल में 03 जून 2024 रात्रि 12 बजे तक भेज सकते हैं। दस्तावेज के अभाव एवं निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

उत्तर बस्तर कांकेर, 1 जून। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा 31 मई को धुम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक श्रीमती क्षमा शर्मा ने बताया कि धुम्रपान के हानिकारक प्रभावों के प्रति जनसाधारण को जागरूक करना तथा धुम्रपान निषेध के प्रति जनचेतना विकसित करना है। हमारा लक्ष्य धुम्रपान के हानिकारक प्रभावों के बारे में व्यापक जनचेतना विकसित करना तथा समाज को स्वच्छ जीवन शैली अपनाने को प्रेरित करना है।

हाईवे पर बगैर अनुमति बोरिंग खनन, पालिका ने वाहन किया जब्त

- दुकान संचालक बिना अनुमति करवा रहा था बोरिंग खनन.
- खनन के दौरान नगर के मुख्य मार्ग को भी किया था बंद.
- खनन करवाने वाले संचालक के विरूद्ध एसडीएम कोर्ट में चलेगा मामला.

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 1 जून। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के मुख्य हाईवे सड़क किनारे शासकीय भूमि पर बेधड़क बगैर प्रशासनिक अनुमति के बोरिंग खनन करने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत के तुरंत बाद तहसीलदार एवं पालिका अधिकारी ने मौकाए स्थल पर पहुंच बोर खनन कार्य को रूकवाया और खनन कार्य में लगे दो वाहनों को जब्त कर लिया। वहीं एसडीएम के बगैर अनुमति से बोरिंग खनन कार्य करने वाले दुकान संचालक के विरूद्ध सोमवार को एसडीएम कोर्ट में मामला पेश किया जाएगा जहां से यह तय होगा कि इस कृत्य के लिए संबंधित पर क्या कार्यवाही होगी।

गौरतलब है कि इस समय पूरे उत्तर भारत में भीषण गर्मी पड रहा है लोग गर्मी से त्राहिमाम कर रहे हैं। पारा इन दिनों 42 से 45 डिग्री को छू रहा है। गर्मी के चलते भूमि का जलस्तर भी काफी नीचे चला गया है। पानी कि भारी किल्लत देखी जा रही है। नदी-तालाब, नाले सब सूख रहे हैं। ऐसे समय में जब गर्मी अपने पूरे शबाब पर है बोरिंग खनन करना वो भी बगैर प्रशासनिक अनुमति के पूरी तरह से गैर कानूनी है। शहरी क्षेत्र में बोरिंग खनन के लिए अधिनियम की धारा-06 के अंतर्गत एसडीएम की अनुमति अनिवार्य होती है। वहीं दंतेवाड़ा मुख्यालय में शुक्रवार को बिना अनुमति बोरिंग खनन का एक मामला सामने आया है । बता दें कि दंतेवाडा-बैलाडिला स्टेट हाईवे एसएच-5 में दंतेश्वरी तालाब के सामने नगर के बीचों बीच हाईवे सड़क किनारे राज इंटरप्राईजेस दुकान का निर्माण कार्य चल रहा है उक्त दुकान संचालक मनोज मिश्रा द्वारा बुधवार रात से ही बोरिंग खनन का कार्य करवाया जा रहा था। शुक्रवार को इसकी शिकायत तहसीलदार एवं पालिका अधिकारी तक पहुंची जिसके बाद तत्काल नगर प्रशासन एवं राजस्व अमला हरकत में आया और मौकाए स्थल पर पहुंच पालिका सीएमओ पवन मेरिया ने बोर खनन में लगे कर्मचारियों से अनुमति की कागजात दिखाने को कहा, कागज नहीं होने की बात कहने पर बोर खनन करने वाले दुकान संचालक को बुलवाकर उससे अनुमति संबंधित कागजात की मांग की गई वहीं दुकान संचालक ने भी किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं होने की बात स्वीकारी जिसके बाद पालिका सीएमओ पवन मेरिया ने कोतवाली पुलिस को सूचना देकर खनन कार्य में लगे दो वाहनों को जब्त करवा लिया। बता दें कि इस समय ग्रीष्म ऋतु का मौसम है पूरे बस्तर अंचल में भीषण गर्मी पड रहा है। जिसे ध्यान में रखते हुए छ0ग0 सरकार ने मई-जून के महिने में किसी भी क्षेत्र में पेयजल उपलब्धता हेतु बोर /नलकूप खननके लिए एसडीएम से अनुमति को अनिवार्य किया है। बिना अनुमति कोई भी व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में बोरिंग, नलकूप खनन का कार्य नहीं कर सकता है। ऐसे में नियम कानुन को धता बताते हुए मई के महिने में नगर के मुख्य सड़क किनारे दिन दहाडे बगैर प्रशासनिक सूचना व अनुमति के स्टेट हाईवे रोड को बाधित कर शासकीय भूमि पर बोरंग खनन करने का दुस्साहस एक इंटरप्राईजेस दुकान के व्यापारी द्वारा किया गया है। जिस पर अब प्रशासन शिकंजा कस लिया है। पालिका सीएमओ पवन मेरिया ने बताया कि बिना अनुमति बोर खनन करने वाले के विरूद्ध प्रशासनिक कारवाई के लिए एसडीएम को लिखेंगे। शनिवार-रविवार को अवकाश होने से मामला सोमवार को एसडीएम कोर्ट में पेश किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना की अंतिम तैयारियों को लेकर किया स्थल निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उत्तर बस्तर कांकेर, 1 जून। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने आज ग्राम नाथियानवागांव के पॉलिटेक्निक में मतगणना की अंतिम तैयारियों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर विधानसभा के मतगणना कक्ष, प्रवेश एवं निर्गम द्वार और पार्टीशन व बेरिकेडिंग आदि से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी गणना कक्षों के बाहर शीतल पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने आज शाम 5:30 बजे ग्राम नाथियानवागांव के पॉलिटेक्निक पहुंचकर अलग-अलग कक्ष में बैठक व्यवस्था, पर्याप्त लाइट, पंखे-कूलर आदि का समुचित इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित नोडल अधिकारियों को दिए। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत करते हुए पर्याप्त मात्रा में कूलर और ठंडे पेयजल की व्यवस्था करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी प्रकार एआरओ, काउंटिंग करने वाले कर्मचारियों एवं अभ्यर्थी व अभिकर्ताओं का पृथक प्रवेश द्वार, ईटीपीबीएस स्केनिंग हॉल, डाक मतपत्र गणना से संबंधित तैयारियों का भी जायजा लिया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मारवल ने मतगणना में व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। इसके पहले कलेक्टर ने मीडिया सेंटर, मंच और सुरक्षा कर्मियों के विश्राम कक्ष सहित पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर एडीएम श्री एस. अहिरवार, श्री जितेंद्र कुर्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर सहित मतगणना कार्य से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मतगणना के लिए गणना सुपरवाईजरों, सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

जगदलपुर, 1 जून। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना कार्य के लिए शुक्रवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में गणना सुपरवाईजर, सहायकों तथा माइक्रो ऑब्जर्वर को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. की मौजूदगी में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित सभी युवा मतगणना कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत पूरी सतर्कता से त्रुटिरहित मतगणना दायित्व को निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण को व्यावहारिक रूप देने मतगणना के प्रत्येक प्रक्रिया को अभ्यास करवाकर भी समझाया गया। वहीं मतगणना हेतु कंट्रोल यूनिट का हेंडओन भी करवाया गया। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने सभी कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन दायित्व में मतगणना कार्य भी महत्वपूर्ण है इस दायित्व को शिद्दत से करने के लिए गहन प्रशिक्षण प्राप्त करना जरूरी है। प्रशिक्षण में बताए गए नियमों एवं निर्देशों को गंभीरतापूर्वक समझें और प्रत्येक बारिकी को सीखें, ताकि अपने निर्धारित दायित्वों को पूरी तत्परता से निर्वहन कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में विधानसभा निर्वाचन के दौरान महिला कर्मचारियों से मतगणना कार्य करवाया गया, जिसे पूरे प्रदेश में सराहना मिली थी। अब लोकसभा निर्वाचन के तहत नवाचार करते हुए युवा कर्मचारियों को मतगणना का दायित्व सौंपा गया है। जिसमें 50 प्रतिशत महिला तथा 50 प्रतिशत पुरुष युवा कर्मचारी शामिल रहेंगे। उन्होंने युवा कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करने सहित उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मतगणना जैसे महत्वपूर्ण दायित्व को निभाने का जो अवसर मिला है उसे बेहतर ढंग से करने के लिए भागीदारी निभाएं, ताकि प्रदेश और देश के युवाओं के बीच निर्वाचन कार्य को जिम्मेदारी के साथ करने का प्रेरक सन्देश जाए। ज्ञातव्य है कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों बस्तर, जगदलपुर एवं चित्रकोट के ईव्हीएम मतों की गणना 14-14 टेबल में किये जायेंगे। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना कार्य की संपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

समाचार संक्षेप

समाजसेवी सुभाषचन्द्र जोशी पंचम वेदांग ज्योतिष महोत्सव एवं अलंकरण समारोह में सम्मानित

रायपुर 1 जून। माँ भुवनेश्वरी ज्योतिष वास्तु कर्मकांड शोध संस्थान द्वारा आयोजित पंचम वेदांग एवं अलंकरण समारोह के मुख्य अतिथि रहें डॉ. सुभाषचन्द्र जोशी को स्मृति चिन्ह देकर पुष्पाहारों द्वारा सम्मानित किया गया। समाजसेवी डॉ. सुभाष चंद्र जोशी को यह सम्मान माँ भुवनेश्वरी कर्मकांड शोध संस्थान के संचालक आचार्य पंडित संतोष भार्गव, महंत जुगल किशोर माहेश्वरी, आचार्य अनिल वत्सल व्यक्साथी जितेन्द्र गुप्ता द्वारा देशहित में किए गए विभिन्न सेवा कार्यो एवं उनके शोधकार्य श्रीमदभागवत के विलुप्त श्लोकों की खोजकार्य हेतु दिया गया। उनकी इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता तुल्य मनोरमा जैन, केसरीमल जैन, परम मित्र सुनील जैन (डाइरेक्टर ऑफ श्रीकृष्णा देवकॉन लिमिटेड एवं फिल्म प्रोड्यूसर), बड़े भाई निरिजन सिंह चौहान (राजस्व प्रभारी नगर निगम, इंदौर), इष्ट मित्रों शैलेष अम्बोर, संजय कटारिया, सुदर्शन गुप्ता, डॉ. संजय वर्मा, सुधीर देड़गे, राजू तापड़िया, नीतिन जैन, मुकेश जैन, नवीन जैन, विकास जैन, आशीष जैन, शशांकजैन, सन्नी, बड़े भैया-भाभी नीता-विजय जोशी, पत्नी ज्योति जोशी, पुत्र प्रखर जोशी, पुत्रवधु शिप्रा, डॉ. ब्रजेश कुमार शर्मा, नीलम शर्मा, संजय, अखिलेश, राजेश, सुनील, अनिल, रुपेश, डॉ कृतिका, अनुजा, अमीषा, अभिषेक, आदित्य, साक्षी, अदिति, माधव आदि द्वारा हर्ष जताते हुए शुभकामनाएँ एवं बधाईयाँ दी। डॉ. सुभाषचन्द्र जोशी द्वारा अपने उद्बोधन में अपनी समस्त उपलब्धियों का श्रेय अपने स्वर्गीय माता-पिता स्व. राधेश्याम जोशी एवं स्व. भगवती देवी के श्री चरणों में समर्पित किया।

शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने हुई तत्परता से कार्रवाई

सुकमा, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । कलेक्टर श्री हरिस एस. और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री लक्ष्मण तिवारी के द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाये जाने हेतु दिए गए निर्देशानुसार शुक्रवार को तहसीलदार सुकमा श्री परमेश्वर मंडावी,मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुकमा श्री एचआर गोंदे, राजस्व निरीक्षक तहसील सुकमा एवं नगर पालिका परिषद की टीम द्वारा नगर पालिका परिषद् सुकमा अंतर्गत वार्ड नम्बर 13 लाइनपारा सुकमा में आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु संरक्षित भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर निर्मित किये जा रहे निर्माणाधीन मकान को हटाया गया। उक्त अवैध अतिक्रमण की सूचना पश्चात स्थल से अतिक्रमण हटाए जाने नियमानुसार कार्यवाही की गई। साथ ही आम लोगों को समझाईश दी गई कि शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण ना करें, यह गैरकानूनी है जिस पर प्रशासन द्वारा नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जावेगी।

प्रधानाध्यापक जेठराम साहू सेवानिवृत, कलेक्टर ने शॉल एवं श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित

सुकमा, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । जिले के विकासखण्ड सुकमा अंतर्गत प्राथमिक शाला मुयापारा में प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थ श्री जेठराम साहू 31मई शुक्रवार को 41 साल 7 माह 21 दिन की शासकीय सेवा उपरांत अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। श्री साहू ने 11 अक्टूबर 1982 को शासकीय सेवा प्रारंभ की थी। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर कलेक्टर श्री हरिस.एस ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में श्री जेठराम साहू को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया और स्वस्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने श्री साहू को शासकीय दायित्व से मुक्त होने के बाद भी निरंतर सक्रिय रहकर समाज के लिए योगदान देने की अपेक्षा की। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी ने श्री साहू के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री साहू द्वारा शासकीय सेवा के दौरान हमेशा निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया गया। इस मौके पर श्री साहू को पेंशन अदायगी की प्रमाण पत्र(पीपीओ) प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री साहू ने शासकीय सेवाकाल के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोग एवं अपने दायित्वों का स्मरण किया। कार्यक्रम में कोषालय अधिकारी श्री हेमू मण्डावी,बीईओ श्री सुखराम देवांगन तथा शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

नन्हे चित्रकारों के रंगों में देवी अहिल्या बाई होल्कर

संस्कार नष्ट तो संस्कृति नष्ट: पुरुषोत्तम चंद्राकर

रायपुर 1 जून। संस्कार भारती रायपुर इकाई के तत्वाधान में पुण्यश्लोक देवी अहिल्या बाई होल्कर 300वीं जयंती वर्ष के अवसर पर जिला स्तरीय निशुल्क चित्रकला प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण समारोह सिविल लाइंस वृंदावन सभागृह रायपुर में चार वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत संस्कार भारती के अध्यक्ष डॉ पुरुषोत्तम चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ी फिल्म स्टार पद्मा श्री अनुज शर्मा विधायक धरसीवा रायपुर ने अपने उद्बोधन में संस्कार भारती के आयोजन की प्रशंसा करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया साथ ही लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जीवन गाथा से प्रेरणा लेने की बात कहते हुए उनके ऐतिहासिक गौरवशाली पर प्रसंग पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर के वरिष्ठ श्री राजेश अग्रवाल जी के वक्तव्य में संस्कार भारती संस्कार रूपी नई पौध आने वाली भविष्य को सचित करने का कार्य संस्कार भारती कर रही हैं और इस आयोजन के लिए भूरी प्रसंसा करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई दिया। साथ ही विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ सर्व गढ़रिया समाज के अध्यक्ष श्री लक्ष्मी नारायण महतो जी भी उपस्थित थे। मुख्य वक्ता के रूप में माननीय प्रांत संघ चालक प्रो टोपलाल वर्मा जी थे साथ ही श्री दानी राम वर्मा जी शिक्षाविद व राष्ट्र सेविका समिति के प्रांत संपर्क प्रमुख श्रीमती मीना नशीने जी ने अपने विचार रखे... संस्कार रूपी ने कहा व्यक्ति ही नहीं बल्कि उनके सत्कर्मों की पूजा होती है विचारों की पूजा होती है महारानी अहिल्याबाई होल्कर की न्याय व्यवस्था व सत्कर्मों ने उन्हें लोकमाता के रूप में पूजनीय बना दिया वह आज समाज के साथ-साथ राष्ट्र की महान विभूति है दिन दुखियों पर सदा दया भाव व लाभ हानि के परवाह किए बिना प्रजा की आवश्यकता को महत्व देने वाली, मानको जी शिंदे की संस्कारी व प्रतिभाशाली बेटी ,सूबेदार मल्हार राव होलकर परिवार की बहू, खंडेराव होल्कर की धर्मपत्नी महारानी देवी अहिल्याबाई होलकर के नाम पर भारत का इतिहास व भारतवासी गर्व करता है। कार्यक्रम में संस्कार भारती के प्रांत अध्यक्ष श्री रिखी क्षत्रि जी, जिला अध्यक्ष डॉ .पुरुषोत्तम चंद्राकर , महामंत्री श्रीमती वृंदा तांबे, अनिता वर्मा, श्रीमति शैल सार्वा, लवकुश तिवारी, रंजन मोडक, भवानी शंकर तिवारी, अर्जुन मानिकपुरी, व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। जारी प्रेस विज्ञप्ति में कार्यक्रम संयोजक भोजराज धनगर ने बताया कि आयोजित प्रतियोगिता में पूरे शहर व आस पास के क्षेत्रों से लगभग 120 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया ।आज पूरा सभागृह देवी अहिल्याबाई के जीवन प्रसंगों में रंग गया। नन्हे कलाकारो से लेकर युवा चित्रकार अपनी तूलिका से देवी अहिल्या जी के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित चित्रों का निर्माण किया । आज के निर्णायक मंडल में शहर के प्रख्यात चित्रकार उपस्थित थे जिसमे रचना अग्रवाल जी, अरविंद यदु जी, राहुल दत्त जी, अनुष्का चक्रवर्ती, मनहरन देवांगन, और सिद्धार्थ सोनी थे।सभी विजेताओं को माननीय अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

पीजी कालेज कांकेर में तम्बाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कांकेर 1 जून। भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में तम्बाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में तम्बाकू सेवन से होने वाले नकारात्मक परिणाम के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए कहा कि तम्बाकू सेवन से शारीरिक एवं मानसिक नुकसान होता है, इसके सेवन से हृदय रोग, कैंसर, फेफड़े का कैंसर आदि रोग होता हैं। जब यह रोग परिवार के किसी सदस्य को होता है तब वह सदस्य बहुत पीड़ा में होता है उपचार की प्रक्रिया बहुत पीड़ा दायक एवं कष्टकारी होता है। साथ ही परिवार के सदस्य भी मानसिक रूप से परेशान एवं दुखी होते है। आर्थिक स्थिति डगमगा जाती है। इस सारी परिस्थिति को समझाते हुए विद्यार्थियों को तम्बाकू के सेवन से बचने हेतु उन्हें प्रेरित करते हुए शपथ दिलाया। भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.डी.एल.पटेल ने कहा की युवा देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। इसलिए युवाओं को तम्बाकू सेवन से बचना होगा।

एक नजर

लू के लक्षण एवं बचाव के उपाय

बीजापुर, 1 जून। देश भर के साथ ही छत्तीसगढ़ में भी प्रचंड गर्भी महसूस की जा रही है। नौतपे के साथ ही हर दिन तापमान बढ़ता ही जा रहा है, शुरूआत में जहां पारा 35 से 40 डिग्री के करीब था तो वहीं आज का पूर्वानूमान चिंताजनक है। विगत कुछ दिनों से बीजापुर जिले का तापमान 43-44 डिग्री के करीब है मौसम विभाग ने इस नौतपे और बढ़ती गर्मी को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है।हीट वेव जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है, जब वातावरण का तापमान 40?ष्ट डिग्री या 104?स्न डिग्री से ज्यादा हो तो हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होती है, इसका असर बच्चों, बुजूर्गों एवं कोमार्बिड लोगों में सर्वाधिक होता है। इससे तेज बुखार आना, बुखार की सामान्य दवाईयों से बुखार नहीं उतरता है एवं इससे मृत्यु भी हो सकती है।लू के लक्षण- सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, भूख कम लगना, बेहोश होना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना जैसे विभिन्न गतिविधि हो सकती है।लू से बचाव के उपाय- लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए-- बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर न जावें, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले, पानी अधिक मात्रा में पीये, अधिक समय तक धूप में न रहे, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए, ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीये, चक्कर आने, मितली आने पर छायेदार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेयजल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें।

नशा के दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करना जरूरी

बीजापुर,1 जून। धूम्रपान एवं नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन-चेतना विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष 31 मई अन्तर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है, जिससे जनसामान्य में धूम्रपान और तम्बाकू सेवन करने की प्रवृत्ति प्रभावी नियंत्रण हो सके। इस प्रवृति के विरुद्ध व्यापक जन चेतना आम जनता में विकसित करने हेतु समाज कल्याण विभाग, जिला-बीजापुर के द्वारा आज दिनांक 31 मई 2024 को जिला पंचायत बीजापुर के सभागार में जिला पंचायत, आरईएस, समाज कल्याण के समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं बीजादूतीर व यूनिसेफ के कार्यकर्ताओं को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बीजापुर श्री हेमंत रमेश नंदनवार द्वारा शपथ दिलवाया गया। तत्पश्चात नशामुक्ति से संबंधित पाम्पलेट का वितरण किया गया, नशामुक्ति श्लोगन के माध्यम से सभागार के सभी लोगों को सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के लिये प्रेरित किया गया, तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव पर चर्चा एवं उससे छुटकारा हेतु आवश्यक संबंधी कदम उठाने हेतु जानकारियों का साझा किया गया तथा सोशल मीडिया में नशापान के दुष्प्रभावों का प्रचार-प्रसार कराया गया।

अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर ग्रामों में रैली निकाल शपथ दिलाई गई

गरियाबंद, 1 जून। अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर धूम्रपान एवं नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करना किया गया ।समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि प्रति वर्ष 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिससे जन सामान्य में धूम्रपान और तंबाकू सेवन करने की प्रवृति पर प्रभावी नियंत्रण हो सके । तम्बाकू या तम्बाकू से निर्मित विभिन्न उत्पादों के सेवन से सभी वर्गों में गंभीर व्याधियां होती है जो सभी के लिए चिंता का विषय है। इस प्रवृत्ति के विरूद्ध व्यापक जन चेतना विकसित करने हेतु जिले के सभी जनपद पंचायत क्षेत्रों के ग्राम पंचायतों में गठित कुल 150 भारत माता वाहिनी समूहों के द्वारा ग्राम पंचायत में रैली निकाली गई एवं लोगों को नशा ना करने के लिए शपथ दिलाया गया और नशामुक्ति पुस्तकों का वितरण किया गया। इसके अलावा नशापान के दुष्परिणामों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को नशा नहीं करने की अपील की गई ।

रवेली-जरगांव से खपरापारा एवं कमारटोला मार्ग पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करें:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 1 जून। छुरा विकासखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचकर चल रहे निर्माण कार्यो का कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जायजा लिया।प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान के तहत रवेली-जरगांव से खपरापारा एवं रवेली से कमारटोला मार्ग मे सड़क निर्माण कार्यो का अवालेकन किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यो को शीघ्रता से पूरा करे ताकि बारिश से पूर्व आवागमन के लिए पक्की सड़क मिल सके। इस दौरान निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गांव में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर अपने घर को काफी आगे बढ़ाकर बना रहे है। जिसके कारण सड़क निर्माण कार्य में कठिनाई आ रही है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को अतिक्रमण करने वाले लोगों के विरूद्ध कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये।

उन्होंने ग्राम खरखरा में जल जीवन मिशन के तहत बनाये गये पानी टंकी का निरीक्षण के दौरान शेष कार्यो को गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि में पूरा करने का निदेँश दिया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घरों को शुद्ध पेयजल पर्याप्त मात्रा में पहुंचे इसके लिए पाइप लाइन बिछाने के कार्य में प्रगति लाए। मनरेगा के तहत स्वसहायता समूह भवन निर्माण कार्य का अवलोकन कर टाइल्स लगाने, रंग-रोगन करने के निर्देश दिये। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूल के रंगाई-पुताई, जीर्णोद्धार का कार्य स्कूल खुलने के पहले पूरा कराने के निर्देश दिये। खरखरा जलाशय से किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए बनाये जा रहे नहर लाइनिंग कार्य का निरीक्षण कृ अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में बारिश के पूर्व पूरा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरखरा जलाशय में बारिश के समय जलभराव एवं वर्तमान स्थिति में पानी की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,एवं छुरा में निर्माणाधीन आईटीआई भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से आईटीआई भवन का ले-आउट नक्शा की सम्पूर्ण जानकारी लेते हुए ठेकेदार को निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ करने पर्याप्त मात्रा में पानी से तराई करने, निर्माण कार्य का बोर्ड लगाने, बाउंड्रीवाल बनाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान खराखरा स्थित शासकीय उद्यानिकी नर्सरी में ग्राफ्टिंग पौधे तैयार करने की विधि की जनकारी ली । उन्होंने नर्सरी को मॉडल के तौर में विकसित करने और लोगों को रोजगार उपलब्ध हो इसके लिए बेहतर कार्य योजना बनाने, विभिन्न किस्मों के फलदार पौधे लगाने के साथ ही नर्सरी में डबरी निर्माण कर मछली पालन करने को कहा। इस अवसर पर एसडीएम विशाल महाराणा, कार्यपालन अभियंता आर.बी. सोनी, सहायक संचालक मिथिलेश देवांगन, तहसीलदार श्रीमती सतरूपा साहू सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

संस्थाओं में बाल श्रमिक पाए जाने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

गरियाबंद, 1 जून। जिले में संचालित प्रतिष्ठानों, निर्माण कार्य , होटल/ ढ़ाबा, पेट्रोल पम्प, उद्योग, कारखाने, ईंट भट्टा एवं विभिन्न वाणिज्यिक स्थापनाओं पर बाल श्रम के रोकथाम कराये जाने एवं संलिप्त बाल श्रम मुक्त कराए जाने जिला में गठित टॉस्क फोर्स द्वारा निरीक्षण एवं रेस्क्यू अभियान चलाया जायेगा। श्रम पदाधिकारी ऐलन मिंज ने बताया कि टॉस्क फोर्स रेस्क्यू अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, श्रम विभाग, चाईल्ड लाईन (1098) के अधिकारी/कर्मचारी शामिल रहेंगे। उल्लेखनीय है कि बाल संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत 14 वर्ष से कम, बच्चों से कार्य लेना अपराध की श्रेणी में आता है। इस अभियान के माध्यम से बालकों / बच्चों को कम उम्र में श्रम न कराए जाने एवं बालकों के आवश्यक सामाजिक दृष्टिकोण एवं सर्वांगिण विकास को बढ़ावा दिया जाना है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि बाल श्रम को रोकने के लिए सहयोग करे।

पहली बार आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने विकास के मुद्दे पर अपना पक्ष रखा

बीजापुर,1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने आदिवासी बाहुल्य जिला बीजापुर के चहूंमुखी विकास ने सबकी भागीदारी तय करने एवं आपसी सामंजस्य और सहयोगात्मक भावना के साथ बीजापुर जिले को अन्य जिलों की तरह विकसीत बनाने यहां की बहु प्रतीक्षीत मांगों एवं यहां के विकास विरोधी गंभीर समस्याओं पर व्यापक चर्चा किया। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, स्वरोजगार, आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत दी जाने सुविधाएं, जिले के शैक्षणिक संस्थान, आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिन, स्कूलों की व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार करने, अंदरूनी क्षेत्रों, शिक्षा स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली जैसे सुविधाओं के विकास पर सकारात्मक चर्चा हुई। आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने बैठक को सकारात्मक बताते हुए समाज और प्रशासन के मध्य इसी तरह के विचार अभिव्यक्ति एवं संवाद निर्मित होने से जिले के विभिन्न समस्याओं का हल सुगमतापूर्वक निकलने की बात कही एवं प्रशासन और समाज के प्रति दूरियां मिटेगी जिससे विकास की गति में तेजी आएगी और सकारात्मक वातावरण निर्मित होगा। जिला प्रशासन द्वारा आदिवासी युवाओं को उद्यमिता विकास से जोड़ने की पहल की सराहना की।बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री केएस मशराम, श्री जग्गूराम तेलामी, अध्यक्ष सर्वआदिवासी समाज श्री कमलेश पैंकरा, सचिव सर्वआदिवासी समाज सुकल साय तेलाम, मुरिया समाज अध्यक्ष। सालिक नागवंशी, सीएस नेताम, भवसिंह सीताराम मांझी, कुंवर सिंह सहित 3 सौ से अधिक जिले भर के आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधि मौजूद थे।

भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए सभी जरूरी एहतियात बरतें:कलेक्टर

रायगढ़, 1 जून। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने तेज गर्मी और हीट वेव को ध्यान में रखते हुए सभी ऐहतियात बरतने के निर्देश आज समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने खास तौर पर उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही उद्योगों में 11 बजे से 3 बजे तक कोल और फ्लाई ऐश डिस्पैच न करने के निर्देश दिए। उन्होंने इंडस्ट्रियल सेफ्टी, खनिज व पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में संचालित उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों के साथ लोडिंग-अनलोडिंग के लिए आने वाले ट्रकों के स्टाफ के लिए छायायुक्त बैठने की जगह, पीने का पानी, कूलर इत्यादि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसमें कहीं भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर श्री गोयल ने इसके साथ ही जिले में विस्फोटक के भंडारण के बारे में जानकारी ली। रिहायशी इलाकों में भंडारण की अनुमति नहीं है, सभी एसडीएम इसकी जांच करवा लें। कहीं पर भी अवैध भंडारण होने पर सख्त कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कहा कि तेज गर्मी के कारण सभी अस्पतालों में उपकरण पूरी क्षमता से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कहीं किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति न बने इसे ध्यान में रखते हुए सभी अस्पतालों का इलेक्ट्रिकल और फायर ऑडिट जरूर हो। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि अस्पताल संचालकों को इस संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दें। इसी के साथ माल, शॉपिंग व ऑफिस कॉम्प्लेक्स सहित अन्य बड़े भवनों के भी फायर और इलेक्ट्रिकल ऑडिट के लिए भी उन्होंने निर्देशित किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को इसका निरीक्षण करने के लिए निर्देशित भी किया। बिजली और पीएचई विभाग को फील्ड स्टाफ को अलर्ट रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नौतपा के कारण अभी लू का माहौल है। ऐसे में पूरी तरह से सतर्कता बरतना आवश्यक है। उन्होंने जरूरतमंद लोगों के लिए रैन बसेरा को निःशुल्क उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जिससे लोगों को इस भीषण गर्मी में आश्रय मिल सके।कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने समय-सीमा की बैठक में तहसीलवार लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि अब समय-सीमा में प्रकरणों को निराकृत करें। उन्होंने निर्माण विभागों से बजट में शामिल कार्यों की जानकारी ली। जिससे आचार संहिता की समाप्ति उपरांत उन कार्यों में प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। मानसून में जिले में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर भी कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने सभी संबंधित विभागों से जानकारी ली। उन्होंने लक्ष्य अनुसार पौधे तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उद्योग परिसर में वृक्षारोपण के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए पर्यावरण विभाग को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री गोयल ने पंचायतों में शासकीय भूमि में जो मोबाइल टावर स्थापित किए गए हैं उनके संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह पंचायत के लिए आय का स्त्रोत बन सकता है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ श्री अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

खाद बीज के उठाव की बढ़ाएं गति

कलेक्टर श्री गोयल ने जिले में खाद बीज उठाव की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने लैलूंगा और धरमजयगढ़ में कम उठाव को लेकर वहां के आरएईओ को फील्ड में किसानों को खाद बीज के उठाव के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही डीएमओ नान और उप संचालक कृषि को इसकी लगातार मॉनिटरिंग करने और जिन समितियों में औसत से कम उठाव हुआ है वहां विशेष रूप से फोकस करने के लिए कहा।

स्वास्थ्य विभाग को निर्देश, लोगों को मुहैय्या कराएं ओआरएस, अस्पतालों में रखें पर्याप्त स्टॉक

कलेक्टर श्री गोयल ने सीएमएचओ डॉ चंद्रवंशी को निर्देश देते हुए कहा कि आम लोगों को ओआरएस उपलब्ध करवाएं। इसके लिए पीएचसी, सीएचसी व शासकीय अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस का स्टॉक रखने के निर्देश उन्होंने दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने आमजन हेतु पेयजल के लिए जितने भी प्यायु चलाए जा रहे हैं वहां भी ओआरएस प्रदान करने के लिए कहा।

4 जून मतगणना के दिन शुष्क दिवस घोषित

रायगढ़, 1 जून। लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत 4 जून को मतगणना होगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 4 जून मतगणना स्थल क्षेत्र नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत संचालित देशी मदिरा दुकानों (सी.एस.-2 घघ), कंपोजिट मदिरा दुकानों (सी.एस.-2 घघ कंपोजिट),विदेशी मदिरा दुकानों (एफ.एल.-1 घघ), होटल बारों (एफ.एल.-3)तथा देशी मदिरा भंडारण भाण्डागार को पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है।

बीजापुर में पोर्टेबल सेटेलाइट सिस्टम का प्रदर्शन और 4 जी सेवाओं की पायलट टेस्टिंग

बीजापुर,1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बीजापुर जिले में बीएसएनएल की 4 जी सेवाएँ की पायलट टेस्टिंग, 31 मई 2024 को कलेक्टर बीजापुर श्री अनुराग पाण्डेय की उपस्थिति में की गयी। इस अवसर पर बीएसएनएल बस्तर के महाप्रबंधक शरत चंद्र तिवारी (ढ्ढञ्जस्) श्री हेमेन्द्र कुमार गहिरवार (स.मा.प्र.) सेत राम साहू (उप.म.आ), नरसिंग चंद्रा (उप.म.आ) संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी श्री दिलीप उईके तथा जिला स्तर के अन्य अधिकारी उपस्थित थे । 4 जी सेवाओं के परीक्षण के अवसर पर, कलेक्टर बीजापुर द्वारा बीएसएनएल केंद्र बीजापुर स्थित मोबाइल टावर में 4 जी सिग्नल को पॉवर-ऑन कर, बीएसएनएल छत्तीसगढ़ के मुख्यमहाप्रबंधक श्री विजय कुमार छबलानी (ढ्ढञ्जस्) से टेस्ट वीडियो कॉल के माध्यम से संपर्क किया गया। टेस्टिंग कॉल सफल रही। निकट भविष्य में विधिवत सुविधा प्रदान की जावेगी। बीएसएनएल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस्तर के समस्त जिलों में स्थित बीएसएनएल टावरों को 4 जी सुविधा से सुसज्जित करने का कार्य क्रमबद्ध तरीके से करने हेतु कार्यवाही की जा रही है इसी दिशा में आज बीजापुर में 4 जी सेवाएँ की टेस्टिंग की गई। इसके अतिरिक्त 4 जी सैचुरेशन परियोजना पर भी कार्य प्रगति में हैं इस परियोजना में बस्तर के उन गाँवों को शामिल किया गया है जहां किसी भी टेलीकॉम सेवा प्रदाता द्वारा मोबाइल सेवा आरंभ नहीं की गयी है। ऐसे कुल 1018 गाँवों को चिन्हित किए गया है और इन गाँवों को 241 नये टावर के माध्यम से मोबाइल सेवाएँ से कवर किया जाएगा। बीएसएनएल द्वारा आज जिला प्रशासन बीजापुर के लिये सेटेलाइट के माध्यम से विशेष टेलीकॉम सुविधा का प्रदर्शन भी किया गया। सेटेलाइट सेवा के माध्यम से जिला कार्यालय एवं तहसील स्तर के 6 कार्यालयों को जोड़ा जाएगा।

बच्चों की सुरक्षा थीम पर मनाया गया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

बीजापुर,1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रुप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तम्बाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा थीम निर्धारित किया गया है। बता दें कि वैश्विक वयस्क तम्बाकू सर्वेक्षण 2016-17 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य की 39.1 प्रतिशत आबादी तम्बाकू अथवा तम्बाकू उत्पादों का उपयोग करती है। तथा वैश्विक युवा तम्बाकू सर्वेक्षण 2019 के अनुसार राज्य के 13 से 15 वर्ष के 8 प्रतिशत शाला प्रवेशी बच्चे भी तम्बाकू की लत की चपेट में आ चुके हैं। ऐसे में सभी को मिलकर तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पादों से बच्चों को सुरक्षित रखने का प्रयास करना आवश्यक है।जिला कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 बी0 आर0 पुजारी के मार्गदर्शन से विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय सहित शैक्षणिक संस्थाओं के समीप पीली पट्टिका अभियान चलाकर कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों में तम्बाकू का उपयोग नहीं करने जागरुकता अभियान चलाया गया। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ0 मनोज लम्बाड़ी द्वारा बताया गया कि विकासखण्ड स्तर पर नामांकित नोडल अधिकारियों द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं में जागरुकता एवं चित्रकला कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विकासखण्ड भोपालपटनम में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ चेलापती राव एवं विकासखण्ड नोडल अधिकारी डॉ पी0 चंद्रशेखर के माध्यम से कोटपा 2003 के प्रावधानों की निगरानी की गई। तथा सार्वजनिक स्थानों एवं शैक्षणिक संस्थाओं के समीप धुम्रपान करने वालों 18 लोगों पर प्रावधान अनुसार कार्यवाही कर 3600 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की ली बैठक

रायगढ़, 1 जून। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में मतगणना के संबंध में अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों एवं मतगणना दिवस की प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी नियत समय में मतगणना कक्ष में पहुंचना सुनिश्चित करें, ताकि मतगणना का कार्य नियत समय में प्रारंभ हो सकें। उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों को कहा कि सभी केआईटी स्थित मतगणना कक्ष एवं रूट का अवलोकन कर लें। जिससे मतगणना दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जशपुर डॉ.रवि मित्तल, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ श्री धर्मेश कुमार साहू, एसडीएम सारंगढ़ श्री वासु जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जशपुर श्री प्रदीप कुमार साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़-बिलाईगढ़ श्री अनिकेत साहू सहित समस्त एआरओ जुड़े रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गणन अभिकर्ता, अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश पत्र अनिवार्य है। इसी प्रकार मतगणना कक्ष में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, गुटका, तंबाकू निषेध रहेगी। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि मतगणना स्थल में आयोग द्वारा न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने ने मतगणना कक्ष में संयम शांति के साथ सहयोगात्मक आचरण रखने का आग्रह किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक 2 के सभी विधानसभाओं की मतगणना 4 जून को होगी। जिसमें जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव का शास.आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोड़काचौरा, गम्हरिया जिला जशपुर में होगी। इसी प्रकार लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया, धरमजयगढ़ का किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गढ़उमरिया में प्रातः 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गणना एवं प्रातः 8.30 बजे से ईवीएम से मतगणना प्रारंभ होगी तथा विधानसभा सारंगढ़ का कृषि उपज मंडी सारंगढ़ में प्रातः 8 बजे से ईवीएम से मतगणना प्रारंभ होगी। इसके लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया, धरमजयगढ़ विधानसभा के लिए 14-14 टेबल की व्यवस्था की गई है तथा विधानसभा क्षेत्र 17-सारंगढ़ में 21 टेबल की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार तीनों जिलों के डाक मत पत्र, ईटीपीबीएस गणना हेतु केआईटी में अलग कक्ष के साथ 10 टेबल की व्यवस्था की गई है। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने सुरक्षा के संबध में जानकारी देते हुए कहा कि तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। बिना प्रवेश पत्र के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इसी प्रकार मतगणना कक्ष में बेरीकेटिंग की व्यवस्था की गई जो पारदर्शी है, जिससे सभी गतिविधियां स्पष्ट दिखाई देगी। उन्होंने बताया कि तीनों जिले की पोस्टल बैलेट एवं ईटीपीबीएस की मतगणना केआईटी में की जाएगी। इस दौरान उन्होंने चक्रवार परिणाम की घोषणा, मतगणना हाल के अंदर के आचरण, मतगणना कक्ष की गोपनीयता बनाए रखने एवं निर्वाचन व्यय लेखा के संबध में भी जानकारी दी। इस अवसर पर अभ्यर्थी/ निर्वाचन अभिकर्तागण श्री सुभाष पाण्डेय, श्री मनीष पांडे, श्री विकास शर्मा, श्री आशीष शर्मा, अमृतमणी परजा, इनोसेंट कुजूर विनोद कुमार, पीरु राम साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री महेश शर्मा एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

खरीफ सीजन में खाद-बीज का पर्याप्त व्यवस्था भंडारण एवं वितरण सुनिश्चित हो :कलेक्टर

बीजापुर,1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने कृषि खाद एवं उनसे संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक लेते हुए आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के निराकरण एवं खाद-बीज के भण्डारण एवं वितरण के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। साथ ही जिले में उपार्जित धान 101531.84 मीट्रिक टन के शत प्रतिशत निराकरण हेतु निर्देश दिए। खरीफ वर्ष 2024 में किसानों को वितरण करने के लिए जिले में खाद-बीज की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता के साथ किसानों को वितरण कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में खाद्य अधिकारी, सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, उप संचालक कृषि, जिला विपणन अधिकारी, नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं जिले में संचालित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक एवं अध्यक्ष उपस्थित थे।

धूप से बचने रैन बसेरों में है रुकने की निःशुल्क व्यवस्था

रायगढ़, 1 जून। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और बढ़े तापमान से राहत के लिए प्रशासन द्वारा विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने नगरीय क्षेत्रों में भी सभी जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम आयुक्त श्री सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में राहगीरों के धूप से बचाव के लिए रैन बसेरे में निःशुल्क विश्राम की व्यवस्था की गई है। इसी तरह लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर पियाऊ संचालित किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने स्वास्थ्य विभाग को इन पियाऊ में डिहाइड्रेशन से बचाने ओआरएस के पैकेट भी उपलब्ध करवाने के निर्देश समय-सीमा की बैठक में दिए। लू एवं धूप से बचने के लिए शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर मुनादी भी कराई जा रही है। निगम प्रशासन द्वारा राहगीरों, श्रमिकों, देहाड़ी मजदूर, बेघरों को तेज धूप एवं लू से बचाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। इसमें केवड़ाबाड़ी स्थित एवं ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रैन बसेरा में यात्रियों, राहगीरों एवं जिनके पास घर नहीं है ऐसे बेघर के लिए विश्राम करने एवं रुकने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। जहां यात्री, राहगीर, बेघर, ठेला, रिक्शा चलाने वाले, श्रमिक, दिहाड़ी मजदूर तेज धूप और लू से बचने के लिए विश्राम करने के साथ रह भी सकते हैं। इसी तरह शहर के रेलवे स्टेशन, घड़ी चौक, कलेक्टोरेट के सामने लोगों को पानी पिलाने के लिए पियाऊ निर्बाध रूप से संचालित हो रहे है, जहां लोगों को ठंडा पानी पिलाया जा रहा है। शहर में सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी विभिन्न चौक चौराहों, सार्वजनिक स्थानों में राहगीरों, लोगों, दिहाड़ी मजदूर, श्रमिकों को ठंडा पानी पिलाने के लिए पियाऊ संचालित की जा रही है।

ताजा भोजन रखने होटलों में कराई गई मुनादी

तेज गर्मी में भोजन जल्दी खराब हो जाते हैं। इसको देखते हुए रायगढ़ में संचालित रेस्टोरेंट, होटल, नाश्ता सेंटर आदि में मुनादी करने के साथ संपर्क कर ताजा भोजन और नाश्ता ही ग्राहकों को परोसने के निर्देश दिए गए हैं।

लू लगने के लक्षण

सिर में तेज दर्द होना, चक्कर आना और सांस लेने में तकलीफ, उल्टी आना और शरीर में तेज दर्द होना, त्वचा का सूखना, गर्म होना या लाल होना, जी मिचलाना और तेज बुखार, लूज मोशन, मांसपेशियों में ऐंठन, धड़कन तेज होना आदि लक्षण हैं। इस स्थिति के शुरुआती लक्षण काफी कम होते हैं, लेकिन समय के साथ उनकी तीव्रता बढ़ती जाती है। समय पर इलाज न मिलने पर मस्तिष्क, हृदय, गुर्दे और मांसपेशियों से संबंधित गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। बाहरी कुछ भी खाने से बचें, हल्का एवं सात्विक भोजन करें,

हल्के एवं बांह को ढकने वाले कपड़े पहनें, खाली पेट घर से बाहर न निकलें। धूप में घूमने से बचें, अधिक मात्रा में पानी पिएं, अधिक गर्मी की स्थिति में ओआरएस, नींबू पानी या नमक एवं शक्कर मिश्रण पानी पिएं।

सुबह 7 से 9 बजे तक संचालित होंगे आंगनबाड़ी केंद्र

रायगढ़, 1 जून। ग्रीष्म काल में आगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के बारे में जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री एल.आर.क़च्छप ने बताया कि भीषण गर्मी में बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए आंगनबाड़ी संचालन की अवधि सुबह 07 बजे से 09 तक कर दी गई है। उन्होंने आगे बताया कि ग्रीष्म काल में आंगनबाड़ी संचालन की अवधि को 04 घण्टे निर्धारित करते हुए 01 जुलाई तक प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक करने हेतु निर्देश जारी किया गया थावर्तमान में भीषण गर्मी होने कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए मात्र इस भीषण गर्मी में आंगनबाड़ी केन्द्र के संचालन का समय प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक किया गया है।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर ब्रह्माकुमारी संस्थान ने चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से फैलाई जनजागरूकता

लोगों को बताए गए तम्बाकू के सेवन के दुष्परिणाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा नेवरा, 1 जून। 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेद दिवस पर ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा द्वारा जन साधारण को तम्बाकु के नुक्सान पर जागरुक करने के लिए चित्र प्रदर्शनी लग गई। रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर के बाहर यह प्रदर्शनी लग गई थी। जिस से स्टेशन आने वाले है लोगो को यह दर्शन से लाभ मिले। प्रदर्शिनी का शुभ आरम्भ दीप प्रजालित करके किया गया। जिस में मुख्य रूप से रेलवे टिकट काउंटर के अफसर भ्राता रवीन्द्र जी, आरपीएफ के अधिकारी गण तथा संस्था की या से ब्रह्माकुमारी कांति बहन या अन्य सेवाधारी उपस्थित रहे. क्या चित्र प्रदर्शनी में तम्बाकू, शराब या डिजिटल गैजेट्स के नशे से लोगो को बढ़ावा मिला है या उन्हें निकलने में राजयोग अभ्यास की भूमिका बताई गई है। मुझे कुछ सकारात्मक चीजो में संलगन होकर नशे से ध्यान हटया जा सकता है जैसे बाहरी खेल खेलना, संगीत बढ़िया यंत्र या गायन या नृत्य के द्वार, भजन मंडली या योग व्यायाम के माध्यम से खुद को व्यस्त रख सकते हैं. संस्था द्वार सिखाए जा रहे राजयोग ध्यान से अनेको ने कैसे हर प्रकार के नशे से मुक्ति पा सके यह भी जानकारी दी गई। राजयोग ध्यान से मन पीआर संयम क्र आंतरिक शक्ति को बढाकर कोई भी बुरी आदत प्रति विजय प्राप्त की जा सकती है, और अनेकों ने भी की है. यह आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग संस्थान द्वारा निःशुल्क सिखाया जाता है। संस्था के तिल्दा स्थित सेवा केंद्र प्रति प्रातः या सहायक कलिन जाकर समय की जानकारी ली जा सकती है. यह ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र पंजाब नेशनल बैंक और एचडीएफसी बैंक के पीछे नीलकमल परिसर प्रति चुनाव अस्पताल के पास स्थित है। दर्शनी में बताया गया कि तंबाकू के अंदर 4000 प्रकार के केमिकल पाए जाते हैं, जिसमें 400 केमिकल हमारे शरीर को डायरेक्ट नुक्सान करते हैं। देश में सबसे ज्यादा मृत्यु का करण भी तम्बाकू सेवन ही है जिससे प्रतिदिन 2500 से 3000 लोग मृत्यु को प्राप्त करते हैं. एक सिगरेट पीने से इंसान की उम्र 6 मिनट कम हो जाती है। नशा करने वालों में से 90त्न लोगों की उम्र 25 साल से कम है। जिसे पता चलता है कि लोग जागृति के अभाव में ही व्यासनो के शिकार होते हैं।

प्रतिष्ठा बढ़ाने का जरिया या मित्रों का दबाव घर में चल रहे तनाव या किसी दुख घटना को भुलाने के लिये लोग नशा प्रवृत्ति में शामिल हो जाते हैं. परन्तु यह केवल एक अस्ताई समाधान हो सकता है जो कि अनेक नुक्सानों को साथ ले आता है। ध्यान से अपनी इच्छा शक्ति को बढ़ाना ज्यादा है, उच्चित खर्च रहित प्रभाव और स्थायी समाधान है।

समाचार संक्षेप

उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती से लोग परेशान

भखारा, 1 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। इन दिनों उमस वाली गर्मी के साथ विद्युत व्यवस्था को लेकर आम जनता परेशान है। भीषण गर्मी के मौसम में बिजली की आंख मिचौली की समस्या से भखारा नगर के साथ-साथ ग्रामीण अंचल के लोग भी खासा परेशान व त्रस्त है। भीषण गर्मी व उमस भरे इस मौसम में क्षेत्र में प्रतिदिन कई बार लोगो को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता हैं। लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान करके रखा है ऊपर से बिजली की आंख मिचौली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है,एक दिन में आठ से दस बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है और रात के वक्त तो वोल्टेज के कारण कूलर व पंखे काम करना बंद कर देते है। बिजली की इस आंख मिचौली के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसका कोई समय-सारणी ही नहीं है। बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह स्थिति क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। गर्मी के मौसम में लोगों को नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने से परेशानी और भी बढ़ गई है। इसकी जानकारी लेने तरुण छत्तीसगढ़ के संवाददाता ने विद्युत विभाग के अधिकारी से फोन मिलाया तो फोन रिसीव नहीं किया इससे साफजाहिर होता है कि बिजली विभाग का लापरवाही का नतीजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है?

रामपुर के मनरेगा मजदूरों ने रैली निकाल बताया पानी का महत्व

भखारा, 1 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले की जीवनदायिनी महानदी का पानी लगातार सूखते जा रहा है। साथ भू जल स्तर भी तेजी से घटते जा रहा है, जो कि चिंता का विषय है। इसी चिंता की वजह से कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की पहल पर जिले में आगामी 15 जून तक जल जगार उत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को जरुरत के हिसाब से कम से कम पानी का उपयोग करने, वर्षा जल संचयन कराने के लिए रूफटॉप स्ट्रक्चर, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और वेस्ट वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे प्रेरित होकर आज कुरूद विकासखंड के ग्राम रामपुर के मनरेगा मजदूरों ने रैली निकालकर लोगों को एक एक पानी की बूंद का महत्व बताया। इसके साथ ही आने वाले बारिश के मौसम में पौधे लगाने, किसी भी नल से पानी अनावश्यक नहीं बहने देने, सभी को पानी बचाने के लिए जागरुक करने की शपथ ली। इसी तरह ग्राम भूसरेंगा में भी मनरेगा मजदूरों ने पानी बचाने की शपथ ली।

श्रमिकों के महंगाई भता में वृद्धि श्रम विभाग ने जारी किया आदेश

बलौदाबाजार, 1 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिक तथा विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए 01 अप्रैल 2024 से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता निर्धारित की गई है। लेबर ब्यूरो शिमला से प्राप्त औद्योगिक सूचकांक में जुलाई 2023 से दिसम्बर 2023 के मध्य 14 बिन्दु की औसत वृद्धि हुई। जिसके अनुसार प्रति बिन्दु 20 रूपए के मान से 45 अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के परिवर्तनशील महंगाई भत्ता में प्रतिमाह 294 रूपए की वृद्धि की गई। जिला श्रम आधिकारी आजाद सिंह पात्रे ने बताया कि कृषि नियोजन में कार्यरत श्रमिकों हेतु लेबर ब्यूरो शिमला से प्राप्त सूचकांक में 56 बिन्दु की औसत वृद्धि होने से 5 रूपए प्रति बिन्दु के मान से 294 रूपए प्रतिमाह परिवर्तनशील महंगाई भते में वृद्धि की गई। इसी प्रकार अगरबत्ती उद्योग में नियोजित श्रमिकों हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में औसत वृद्धि के आधार पर परिवर्तनशील महंगाई भते 7.08 रूपए प्रति हजार अगरबत्ती निर्माण में निर्धारित की गई। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत 45 अनुसूचित नियोजनों, कृषि नियोजन एवं अगरबत्ती नियोजन में कार्यरत श्रमिकों के लिए महंगाई भते का निर्धारण लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर वर्ष में दो बार 01 अप्रैल एवं 01 अक्टूबर को किया जाता है। जारी आदेशानुसार श्रमिकों के लिए 01 अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक न्यूनतम वेतन की दरें निर्धारित की गई है। जिसमें अकुशल 'अ' श्रमिक वर्ग के लिए प्रतिमाह 10, 900 रूपए, 'ब' वर्ग के लिए 10, 640 रूपए तथा 'स' वर्ग के लिए 10, 380 रूपए निर्धारित की गई है। अर्द्धकुशल 'अ' वर्ग के लिए 11, 550 रूपए, 'ब' वर्ग के लिए 11, 290 रूपए तथा 'स' वर्ग के लिए 11, 030 रूपए निर्धारित की गई है। कुशल 'अ' वर्ग के लिए 12, 330 रूपए, 'ब' के लिए 12, 070 रूपए तथा 'स' के लिए 11, 810 रूपए निर्धारित की गई है। इसी प्रकार उच्च कुशल 'अ' वर्ग के लिए 13, 110 रूपए, 'ब' के लिए 12, 850 रूपए तथा 'स' वर्ग के लिए 12, 590 रूपए किया गया है। उक्त प्रभावशील न्यूनतम वेतन की दरें छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग की वेबसाईट www.cglabour.nic.in पर भी उपलब्ध है। जिला बलौदाबाजार भाटापारा 'स' वर्ग अंतर्गत तथा ऐसे कारखाने जहा कारखाना अधिनियम 1948 अंतर्गत 300 या अधिक श्रमिक कार्यरत है अ' वर्ग मे आते है।

एक नजर

मतगणना के संबंध में मॉकड्रिल 3 जून को

बालोद, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना कार्य के संबंध में मॉकड्रिल का आयोजन 03 जून को सुबह 08 बजे मतगणना स्थल लाइवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि इस दौरान सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, गणना सहायक, मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक, माइक्रोआब्जर्वर, आई-टी सेक्शन, ईव्हीएम परिवहन, सीलिंग कार्य, आई-टी सेक्शन एवं फोटोकॉपी कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु मॉकड्रील कराया जाएगा। मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मॉकड्रील की नियत तिथि 03 जून को सुबह 08 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु प्रवेश पास के लिए पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होने को कहा है।

मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के डायरेक्टर अशोक ताम्हणे का निधन

भाटापारा, 1 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के डायरेक्टर अशोक ताम्हणे

का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। प्रधानाचार्या एवं उनकी पत्नी प्रीति ताम्हणे ने बताया कि अशोक ताम्हणे विगत कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट हो रही थी। उन्होंने आज 7:00 बजे अंतिम सांस ली। अशोक ताम्हणे 22 वर्षों से अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री में सीनियर ग्राफ्ट्समैन के पद पर कार्यरत रहे। सेवानिवृत्ति के पश्चात उन्होंने मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में डायरेक्टर के रूप में सेवा दी। मिलनसार एवं सुहृदय अशोक ताम्हणे समाज सेवा में भी अग्रणीय रहते थे। भाटापारा में शिक्षा जगत को एक नई पहचान दी। उनके निधन पर भाटापारा के गणमान्य नागरिकों एवं विद्यालय के स्टाफविद्यार्थियों अभिभावकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार सायं 6 से 7:00 बजे मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में एक शोक सभा का आयोजन किया गया है।

चोरी के 3 प्रकरणों का पर्दाफाश, पुलिस को मिली बड़ी सफलता

6 आरोपियों को रिमाण्ड पर भेजा गया जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 1 जून। जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय झा के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 171/2024, 179/2024, 180/2024 भादवि के आरोपीयों को रिमाण्ड में लेकर जेल भेजा गया।

आरोपियों के नाम पेमलीबाई मुएल पति लाल ऊर्फराहुल मुएल उम्र 32 साल साकिन ग्राम पोहा थाना उदयगढ जिला अलिराजपुर मप्र, गमबाई मुएल पति सूकू मुएल उम्र 43 साल साकिन ग्राम पोहा उदयगढ जिला अलिराजपुर मप्र, चामसिं बामनिया पिता दुढिया बामनिया उम्र 30 साल साकिन छडवाद थाना टंडा जिला धार मप्र, जालम सिंह पिता मोहनिया पिता बुधु मोहनिया उम्र 32 साल साकिन पोहा थाना उदयगढ जिला अलिराजपुर मप्र, सुअर सिंह पिता बुधू सिंह उम्र 30 साल साकिन पोहा थाना उदयगढ जिला अलिराजपुर मप्र, आलम सिंह बामनिया पिता ढुढिया बामनिया उम्र 48 साल साकिन छडवाद थाना टंडा जिला धार मप्र है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी जवाहर लाल यादव पिता स्व महेश राम उम्र 65 साल साकिन षष्ठी मंदिर के पीछे बलौदाबाजार का रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 08.03.2024 को सुबह 11.30 बजे मे अपने घर बलौदाबाजार से परिवार सहित कसडोल के पास गृह ग्राम नगनिया गया था आज दिनांक 09.03.2024 के सुबह 08.00 बजे वापस बलौदाबाजार घर आया तो देखा महराजा गेट एवं मेन गेट का ताला टुटा हुआ है अंदर जाकर देखा तो दोनो रूम में रखे अलमारी ताला एवं लाकर टूटा था, तथा आलमारी में रखे एक सोने का हार, सोने का झुमका, सोने का अंगुठी, चांदी का पायल, चांदी की बिछ्रीया दो नग किमती 50000 रूपये एवं समाजिक का रखा हुआ 1, 00, 000 रूपये जुमला किमती 1, 50, 000 नहीं था जिसे आस पास पता तलाश किया पता नहीं चला किसी अज्ञात चोर के द्वारा घर के मेन गेट का ताला तोडकर घर अंदर प्रवेश कर सोने चांदी का जेवरात एवं नगदी रकम को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र 171/2024 धारा 457, 380 भादवि कायम कर आरोपी का लगातार पता तलाश जारी रहा

अपराध क्रमांक 179/2024 धारा 457, 380 भादवि के प्रार्थी हितेश राव्रे पिता बहरता राव्रे उम्र 36 साल साकिन सिविल लाईन आदर्श नगर बलौदाबाजार का रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 08.03.2024 के 11.30 बजे परिवार सहित निजी काम से ग्राम नवागढ जिला जांजगीर चांपा गया था, दिनांक 09.03.2024 को शाम करीबन 05.30 बजे पडोसी परमेश्वर साहू फोन कर बताया कि आपके घर के मेन गेट का ताला टुटा हुआ है तब मै अपने परिवार के साथ नवागढ जांजगीर से वापस करीबन रात 08.30 बजे बलौदाबाजार आया तो देखा मेरे घर के मेन गेट एवं प्रवेश द्वार का ताला टुटा हुआ था अंदर जाकर देखा समान बिखखा पडा हुआ था रूम अंदर रखे आलमारी का लॉकर टुटा हुआ था अलमारी के अंदर पर्श में रखे नगदी राशि 5000 रूपये एवं, सोने का टाप्स लगभग 05 ग्राम, सोने की अंगुठी 01 नग, पायल 05 जोडी, 08 जोडी चांदी की चुडी, कटोरी गिलास चम्मच चांदी का, जुमला रकम 50, 000 रूपये कुल जुमला 55, 000 रूपये नहीं था जिसे आस पास पता तालाश किया पता नहीं चला। किसी अज्ञात चोर के द्वारा मेरे घर अंदर प्रवेश कर अलमारी के पर्श में रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम 5000 रूपये को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपियो का पता तलाश जारी रखा

अपराध क्रमांक 180/2024 धारा 457, 380 भादवि के प्रार्थी देवी खरे पिता अवध राम खरे उम्र 32 साल साकिन नया आदर्श कालोनी बलौदाबाजार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 08.03.2024 के 12.00 बजे अपने परिवार के साथ बलौदाबाजार से गृह ग्राम केवटाडीह टांगर जिला बिलासपुर गया हुआ था दिनांक 10.03.2024 के 12.30 बजे वापस बलौदाबाजार आया तो देखा मेरे किराये के मकान का ताला टुटा हुआ था मकान अंदर जाकर देखा तो समान अस्त व्यस्त बिखरा हुआ पडा था तथा अलमारी का लॉकर टुटा हुआ था अलमारी में रखे सोने का पत्ती 05 नग एवं कान का टाप्स सोने का, किमती 25, 000 रूपये एवं नगदी रकम 50, 000 रूपये जुला किमती 75000 रूपये नहीं था जिसे आस पास पता तलाश किया पता नहीं चला। किसी अज्ञात आरोपी के द्वारा मेरे घर अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे साने के जेवरात एवं नगदी रकम को चोरी कर ले गया कि प्रकरण के विवेचना दौरान ज्ञात हुआ की थाना कोतरा रोड जिला रायगढ छ.ग. के अपराध क्र. 57/24 धारा 457, 380 भादवि के प्रकरण में आरोपीयान 01. पेमलीबाई गुएल, 2. गमबाई मुएल 3. चामसिंह बामनिया 4. जालम सिंह मोहनिया 5. सुअर सिंह 6. आलम सिंह बामनिया को गिरफ्तार किया गया है जो अपने मेमोरण्डम कथन में बलौदाबाजार में भी आकर चोरी करना बताये है तथा प्रकरण में थाना कोतरा रोड जिला रायगढ छग से अंतिम रिमांड पत्र, मेमेरंडम कथन, जप्ती पत्रक, गिरफ्तारी पत्रक, सत्यापीत दस्तावेज प्राप्त किया गया है जो आपके न्यायालय से आरोपीगणो को प्रोडक्शन वारंट जारी हुआ था जिसे जिला जेल रायगढ़ से प्रोडक्शन वारंट को तामील कर आपके न्यायालय में पेश कर औपचारीक गिरफ्तारी की अनुमती लेकर आरोपीयो का धारा 27 साक्ष्य अधि. के तहत कथन लिया गया जिसमें घटना दिनांक को जुर्म करना स्विकार किये है जुर्म स्विकार करने से विधिवत मुताबिक गिरफ्तरी पत्रक के गिरफ्तारी किया गया है चोरी के कुल 03 प्रकरणों में 06 आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर. उत्तम चतुर्वेदी, सुखसागर मरावी, मप्रआर अन्नपूर्णा बंजारे आर मोहन मेश्राम, म आर. अंजुला पैकरा, सरिता यादव का विशेष योगदान रहा।

आरक्षित लोगों को अब जाति प्रमाण पत्र के लिए भटकना नहीं पड़ेगा: विधायक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 1 जून। क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव के द्वारा विधानसभा में उठाई गई मांग के फलस्वरूप राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगो के लिए जाति प्रमाण पत्र बनवाने के नियमो का सरलीकरण कर दिया गया है, जिसका पूरा फायदा प्रदेश वासियों को मिलेगा। अब 1950 के पूर्व के दस्तावेजों की जरूरत नहीं होगी और ग्रामीण क्षेत्र के लिए ग्राम सभा प्रस्ताव और शहरी क्षेत्र के लोगो के लिए नगर पालिका, नगर पंचायत का प्रस्ताव को मान्य कर दिया है।राज्य शासन के द्वारा नियमो में की गई सरलीकरण प्रक्रिया के लिए इस वर्ग के लोगो ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए विधायक इन्द्र साव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

विधायक इन्द्र साव की पहल पर प्रदेश में जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया सरल हुई

विदित हो कि भाटापारा विधायक इन्द्र साव ने विधान सभा में नियम 267 क के तहत शून्य काल में शासन से मांग की थी की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को जाति प्रमाण-पत्र बनवाने हेतु पालकों एवं बच्चों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों का जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए कट ऑफ डेट 1950 के पहले के दस्तावेज मांगा जा रहा है। इसके पास 1950 के पहले का कोई दस्तावेज जमीन के कागजात नहीं होने के कारण जाति प्रमाण-पत्र बनाने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगरीय प्रशासन, राजस्व विभाग, सामान्य प्रशासन एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जाति प्रमाण पत्र सरलीकरण हेतु कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकार मय होता जा रहा है। इस जाति के लोगों के पास अभी भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव होने के कारण हर क्षेत्र में पिछड़ते जा रहे हैं। जाति प्रमाण-पत्र नहीं बनने के कारण अच्छी पढ़ाई से भी वंचित होते जा रहे हैं। शासन को चाहिये कि इन बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुये जाति प्रमाण-पत्र बनाने के लिए सरलीकरण प्रक्रिया लागू किया जाए। विधायक इन्द्र साव के द्वारा उठाए गए सवाल और मांग पर राज्य शासन ने अपनी सहमति जताते हुए जाति प्रमाण पत्र बनाने के नियमो का सरलीकरण किए जाने बाबत एक पत्र सामान्य प्रशासन विभाग ने विधायक इन्द्र साव को प्रेषित पत्र में उक्त अधिनियम एवं नियम के सार को सरलीकृत करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा परिपत्र कमांक एफ 13-22/2012/आ.प्र./1-3 दिनांक 24.09.2013 जारी करते हुए शासन के समस्त विभाग, समस्त संभागीय आयुक्त, समस्त जिलाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए प्रावधान किया गया है कि, उक्त परिपत्र की कंडिका-2 के उपकंडिका-2.1 (ट) जहाँ जाति को प्रमाणित करने हेतु कोई दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध न हो तो ग्राम सभा द्वारा आवेदक की जाति के संबंध में पारित संकल्प। अर्थात् आवेदक के पास ग्राम सभा द्वारा पारित संकल्प को भी दस्तावेजी साक्ष्य माना जायेगा।

भीषण गर्मी में भी सुबह 7 से 11 बजे तक खुल रहे थे आंगनबाड़ी केंद्र

तापमान 46 डिग्री पहुंचा तब आंगनबाड़ी केंद्रों का समय बदलने की आई याद

■ **महिला एवं बाल विकास विभाग ने सुबह 7 से 9 बजे तक खोलने का दिया आदेश**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कसडोल, 1 मई। प्रदेश भर में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच भी आंगनबाड़ी केंद्र खोले जा रहे हैं। गर्मी में भी आंगनबाड़ी केंद्र 4 घंटे सुबह 7 से 11 बजे तक संचालित हो रहे थे किंतु जब तापमान 46 डिग्री पहुंचा तब महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी केंद्रों का समय बदलने की याद आई और शुक्रवार को 2 घंटे खोलने का आदेश जारी किया गया।

इन दिनों प्रदेश घर में भीषण गर्मी पड़ रही है सुबह 7 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती है। बलौदाबाजार जिला के कसडोल सहित पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के कई शहरों में तापमान 45 से 46 डिग्री तक पहुंच गया है। स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां चल रही है, बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने समर कैंप प्रारंभ किया गया था परंतु भीषण गर्मी के चलते उसे भी स्थगित कर दिया गया।

खबर है तभी तो असर है

परंतु प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्र 46 डिग्री तापमान में भी खुल रहे हैं। शुक्रवार तक आंगनबाड़ी केंद्रों का समय सुबह 7 बजे से 11 बजे तक था, यहां कुछ बच्चे भी आ रहे थे। इसके चलते आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता, सहायिका और बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। तापमान 46 डिग्री पहुंचा तब महिला बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी केंद्रों का समय बदलने की याद आई! शुक्रवार को महिला बाल विकास विभाग की उप सचिव डॉक्टर रेणुका श्रीवास्तव ने आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन का समय 2 घंटे अर्थात सुबह 7 से 9 बजे तक करने का आदेश जारी किया।

आदेश में लिखा गया कि भीषण गर्मी होने के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन का समय 2 घंटे किया जाता है किंतु इसे कुछ दिनों के लिए बंद रखने का आदेश नहीं दिया गया है। इसको लेकर भी सवाल उठ रहे कि अगर किसी बच्चे की तबीयत आंगनबाड़ी केंद्र में भीषण गर्मी की वजह से खराब हो जाती है तो जवाबदारी कौन?

नाम परिवर्तन सूचना

मैं वरूण पाण्डेय उम्र 34 वर्ष पिता- अमरकांत पाण्डेय मकान नं. 277. कृष्णा नगर डंगनिया रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) का निवासी हूं।

मेरी पुत्री शार्विका पाण्डेय (SHARVIKA PANDEY) की जन्म तिथि 21/03/2019 स्थान सुप्रीता हॉस्पिटल रायपुर (छ.ग.) है, जिसका पंजीयन क्रमांक- 2019-01-017922 दिनॉक 25/05/2019 को दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। जिसमें मेरी पुत्री का धरेलू नाम स्वरा पाण्डेय (SWARA PANDEY) दर्ज किया गया है।

मैंने अपनी पुत्री का नाम परिवर्तन कर शार्विका पाण्डेय (SHARVIKA PANDEY) रख लिया। अब वह उसी नाम से जानी पहचानी जाती है एवं जानी पहचानी जायें।

वरूण पाण्डेय

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 2024050921000038
अ/2 वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीकांत जनबंधु आ. श्रीनिवास जनबंधु निवासी कालकापारा डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि गणेश वार्ड नं. 10 डोंगरगढ़ प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ में स्वामित्व में खसरा नंबर 679/25, 679/61 रकबा 0.002, 0.022 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि को आवास प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 05/07/2024 तक स्वंय उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनॉक 30/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)
मुहर

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
रा.प्र.क्र.- 202405092100027
अ/6 (अ) वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शत्रुहन पिता उदेराम जाति कुर्मी निवासी मुड़पार डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम मुड़पार प.ह.न. 31 तहसील डोंगरगढ़ में स्थित खाता क्रमांक 550 में ख.न. क्रमशः 97/3, 539/6 रकबा क्रमशः 0.316, 0.109 हे. कुल ख.न. 02 कुल रकबा 0.425 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में शत्रुहन पिता उदेराम जाति कुर्मी सा. मुड़पार के नाम पर दर्ज है। आवेदक शत्रुहन की भूमि के अनुसार राजस्व रिकार्ड में नक्शा छोटा कटा है। अतः उक्त भूमि में आवेदक रकबा के अनुसार नक्शा दुरुस्त किये जाने का निवेदन किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06.06.2024 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह आज दिनांक 14.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर से अभिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

तहसीलदार डोंगरगढ़
मुहर

एक नजर

गुढ़ियारी में बनेगा सरकारी कॉलेज

रायपुर 1 जून। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर को जल्द ही एक नई सौगात मिलने वाली है. पूर्व कैबिनेट मंत्री और भाजपा विधायक राजेश मूणत ने बताया कि जल्द ही रायपुर शहर के गुढ़ियारी क्षेत्र में एक करोड़ की लागत से शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी का नया भवन बनेगा. उन्होंने बताया कि इस महाविद्यालय के निर्माण के लिए सामुदायिक भवन के पास रिक्त शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है. अब उसको उच्च शिक्षा विभाग के नाम से आबंटित करने तथा अग्रिम आधिपत्य देने के लिए कलेक्टर रायपुर से चर्चा की जाएगी .अग्रिम आधिपत्य मिलने के बाद उसका प्राक्कलन तैयार करा कर प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन

रायपुर 1 जून। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने खुंटी, रांची, झारखंड में बैंक के 900वें आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। यह मील का पत्थर व्यापक विस्तार का हिस्सा है, जिसमें आज बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में 7 नए आउटलेट खोले गए हैं। इसके साथ ही, अब बैंक झारखंड में 81 बैंकिंग आउटलेट्स और पूरे देश में कुल 903 आउटलेट्स का संचालन करता है। अब खुंटी, रांची के ग्राहक बैंक के विभिन्न उत्पादों और सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इनमें बचत खाता, चालू खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट, रिकरिंग डिपॉजिट और विभिन्न ऋण उत्पाद जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, क्रेडिट, बीमा, और निवेश उत्पाद शामिल हैं। बैंक की विस्तृत अवसंरचना, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं और एटीएम नेटवर्क समग्र ग्राहक सेवा प्रदान करने का उद्देश्य रखता है।

1,867 करोड़ रुपये का भुगतान

रायपुर 1 जून। आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ ने वित्त वर्ष 2024 में 99.17% का क्लेम सेटलमेंट रेश्यो हासिल किया है, जो कि इंडस्ट्री में सर्वश्रेष्ठ रेश्यो में से एक है। वैध मृत्यु दावे का निपटान करने के लिए कंपनी के पास केवल 1.27 दिन का औसत समय था, और 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में मृत्यु दावों के लिए कंपनी कुल 1,867 करोड़ रुपये का भुगतान करने में सफल रही। वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही के लिए कंपनी का क्लेम सेटलमेंट रेश्यो 97.94% था, वहीं दूसरी तिमाही के लिए यह 98.14% और तीसरी तिमाही के लिए यह 98.52% था। यह दर्शाता है कि सभी तिमाहियों में कंपनी के दावा निपटान में निरंतरता जारी है।

हम नक्सलमुक्त बस्तर की ओर अग्रसर : सीएम साय

रायपुर, 1 जून। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खात्मे पर सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए सीएम विष्णुदेव साय ने ट्वीट करते हुए कहा कि जब तक प्रदेश से नक्सलवाद खत्म नहीं होता, राज्य सरकार चुप नहीं बैठेगी। ज्ञात हो कि बीते कुछ दिनों में सुरक्षा बल के जवानों ने अपने शौर्य का परिचय देते हुए बीजापुर जिले से 16 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा मुठभेड़ों में भी लगातार नक्सलियों के मारे जाने, विस्फोटक सामग्रियों की बरामदगी जैसी खबर सामने आ रही है। प्रदेश में एक तरह से माओवादियों को झटके पर झटका लग रहा है। इसे देखते हुए सीएम विष्णुदेव साय ने एक्स पर लिखा है कि जवानों को मिल रही नित नई बड़ी कामयाबी से हम नक्सलमुक्त बस्तर की ओर अग्रसर हो रहे हैं. प्रदेश से जब तक नक्सलवाद का खात्मा नहीं हो जाता, तब तक हमारी सरकार चुप नहीं बैठेगी।

ई वे बिल के संबंध मे ट्रांसपोर्टर्स की बैठक

रायपुर, 1 जून। दिनांक 31 मई 2024 को राज्य कर अपर आयुक्त द्वारा सिविल लाइंस स्थित महात्मा गांधी सभागार में रायपुर के ट्रांसपोर्टर्स की बैठक लेकर उन्हे ई वे बिल के प्रावधानों की जानकारी दी गई । इस बैठक मे रायपुर के प्रमुख गुड्स ट्रांसपोर्टर्स सुप्रीम ट्रांसपोर्ट , दिल्ली छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्ट ,जैन ट्रांसपोर्ट , माँ भवानी ट्रांसपोर्ट , अशोका ट्रांसपोर्ट , इनलैंड गुड्स ट्रांसपोर्ट, पंकज लोजीस्टिक्स ,पाल गुड्स और राहुल ट्रांसपोर्ट इत्यादि के संचालक उपस्थित रहे। बैठक मे अपर आयुक्त श्री टी आर धुर्वे और संयुक्त आयुक्त श्री नरेंद्र वर्मा द्वारा राज्य मे जिले के भीतर ई वे बिल जारी करने से दी गई छूट समाप्त होने के बाद ट्रांसपोर्टर्स की भूमिका के बारे मे उन्हे जानकारी दी गई ।

मतगणना 4 को, उल्टी गिनती शुरू

अभिकर्ताओं के साथ किया मतगणना केंद्रों का निरीक्षण , 33 जिलों में मतगणना के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 1 जून। आज मतदान के अंतिम चरण में समापन के साथ ही मतगणना की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों के लिए चार जून को सभी 33 जिलों में होने वाली मतगणना के लिए आज प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं राजनीतिक मतगणना अभिकर्ताओं ने गणनास्थल का अवलोकन किया। भीषण गर्मी में कूलर तथा पेयजल की विशेष व्यवस्था की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार सभी 33 जिलों में चार जून को प्रातः आठ बजे से मतों की गणना शुरू हो जाएगी। इसके लिए आज से सभी मतगणना केंद्रों में कम्प्यूटर, इंटरनेट, कागज, कैल्कुलेटर, कूलर एवं पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। नगर निगम रायपुर द्वारा सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग कालेज में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मतगणना स्थल के आसपास बैरीकेड्स लगा दिए गए हैं। मीडिया केंद्र में टीवी की विशेष व्यवस्था की गई है। प्रत्येक चक्र की गणना के बाद कुल प्राप्त मतों की जानकारी दी जाएगी। रायपुर जिले में नियुक्त प्रेक्षक ने आज कलेक्टर गौरव सिंह सहित अन्य अधिकारियों के साथ मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। प्रत्येक चक्र के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं जिसमें 65 कर्मचारियों के अलावा एक एआरओ तथा एक शासकीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बिलासपुर में मतों की गणना का कार्य इंजीनियरिंग कालेज कोनी में होगा। कलेक्टर अनन्तेश शरण एवं प्रेक्षक केशव महाजन ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। गर्मी को देखते हुए यहां पर सभी के लिए कूलर एवं अन्य सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। बिलासपुर लोकसभा के मतों की गणना तीन जिलों मुंगेली, पेंड्रा-गौरेला-मरवाही और बिलासपुर में होगी।

दक्षिण बस्तर के अंतर्गत कांकेर और बस्तर लोकसभा क्षेत्र आते हैं इसलिए कांकेर, कोण्डागांव, बालोद के अलावा बस्तर के लोकसभा के मतों की गणना बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा जिलों में होगी। कांकेर कलेक्टर ने आज मतों की गणना के लिए शासकीय महाविद्यालय का निरीक्षण किया। सरगुजा, जांजगीर-चांपा, कोरबा, राजनांदगांव, दुर्ग तथा महासमुंद लोकसभा में अलग-अलग स्थानों पर मतों की गणना के लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण पर है। शासकीय के विभिन्न विभागों द्वारा गर्मी को देखते हुए ओआरएस घोल, नींबू पानी, कूलर आदि की व्यवस्था की जा रही है। मतगणना केंद्रों में कम्प्यूटर के अलावा इंटरनेट की भी सुविधा दी जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले ने आज विभिन्न जिलों के कलेक्टरों से बातचीत कर मतगणना की तैयारियों की जानकारी ली। विभिन्न जिलों में पदस्थ प्रेक्षक भी पहुंच गए हैं। प्रत्येक चक्र में प्रेक्षक तथा आरओ के हस्ताक्षर होंगे। इसमें राजनीतिक अभिकर्ताओं के भी हस्ताक्षर लिए जाएंगे। पूरे प्रदेश में 1302 टेबल लगाए जाएंगे तथा 302 एआरओ नियुक्त किए गए हैं।

मतगणना स्थल पर बड़ी संख्या में लगाए गए कूलर

रायगढ़ लोकसभा तीन जिलों में विभाजित है। आज कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने केआईटी में होने वाली मतों की गणना के लिए प्रेक्षक एवं राजनीतिक दलों के मतगणना अभिकर्ताओं एवं अभ्यर्थियों को गणना स्थल का निरीक्षण कराया। इस समय रायगढ़ सर्वाधिक गर्म शहर है इसलिए कूलर की विशेष व्यवस्था की जा रही है। जशपुर के शासकीय महाविद्यालय में मतों की गणना होगी। विभिन्न जिलों में कुल प्राप्त मतों को अंत में जोड़ा जाएगा। इसके पश्चात ही जिला निर्वाचन अधिकारी परिणाम घोषित करेंगे।

राजनीतिक अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण

भाजपा एवं कांग्रेस ने अपने-अपने मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति कर दी है। इन अभिकर्ताओं को मतगणना के लिए विधिवत प्रशिक्षण दिया गया है। वे निरंतर अपने मार्गदर्शकों से प्रशिक्षण ले रहे हैं। राजनीतिक अभिकर्ताओं की उपस्थिति में ईवीएम की संख्या का मिलान किया जाएगा। इसके पश्चात मतों की गणना होगी। मतदान केंद्रों के अनुसार रखी गई मशीन लाने ले जाने के लिए कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं।

संजय अलंग, डीडी सिंह राज्य निर्वाचन आयुक्त पद की दौड़ में

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 1 जून। लोकसभा चुनाव के पश्चात होने वाले नगरीय निकाय चुनाव की जिम्मेदारी राज्य निर्वाचन आयोग की होगी, लेकिन आयोग के आयुक्त का पद पिछले 6 माह से रिक्त पड़ा हुआ है। इस पद के लिए रायपुर, बिलासपुर के संभागायुक्त संजय अलंग एवं जीएडी के पूर्व सचिव डीडी सिंह दौड़ में शामिल हैं।

राज्य शासन द्वारा पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग बनाए गए हैं। इस पद पर वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की नियुक्त की जाती है। नई सरकार आने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने आचार संहिता के चलते आयुक्त के पद पर भर्ती नहीं हो पाई है। विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली सफलता के बाद नगरीय निकाय चुनाव में भी भाजपा के नेता काफी आश्वस्त हैं कि उन्हें सफलता मिलेगी। विधानसभा चुनाव में प्रत्येक वार्ड के नेताओं ने इसके लिए काफी मेहनत भी की है। एक-एक वार्ड में भाजपा की ओर से 10 से 15 दावेदार सामने आए हैं। आयुक्त की पदस्थापना अभी तक नहीं हुई है। इस पद के लिए बिलासपुर व रायपुर के संभागायुक्त संजय अलंग की दावेदारी सामने आई है। वे आगामी जुलाई में अवकाश ग्रहण करने जा रहे हैं। पिछली सरकार में आदिम जाति विभाग के सचिव पद पर कार्यरत रहे डीडी सिंह की नियुक्ति होने वाली थी लेकिन वे इस पद पर नहीं आ पाए। उनकी कोई अधिकारिक नियुक्ति नहीं हो पाई थी। सिर्फ चर्चा में उनका नाम था। शासन द्वारा अब अन्य रिटायर्ड आईएएस अधिकारियों के बारे में भी रायशुमारी की जा रही है। इधर इन अधिकारियों का कहना है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना कंगाले को भी अतिरिक्त प्रभार दिया जा सकता है ताकि वार्डों का परिसीमन व अन्य कार्रवाई तत्काल शुरू हो सके।

इंसानों के हाथों मारे गए पशुओं को दी जाएगी 2 जून को श्रद्धांजलि

रायपुर, 1 जून। वीगंस ऑफ छत्तीसगढ राजधानी में दिल को छू लेने वाला अनोखा कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। मृत इंसानों को तो हर काई श्रद्धांजलि देता है। वीगंस ऑफ छत्तीसगढ़ इंसानों द्वारा मारे गए जानवरों की आत्मा की शांति के लिए दो जून को श्रद्धांजलि देगा। यह कार्यक्रम शाम पांच बजे साइंस कालेज क्रिकेट मैदान जीई रोड, आमानाका में सम्पन्न होगा। मानव दुर्व्यवहार और शोषण के कारण मरने वाले अरबों जानवरों को सम्मानित व याद करने के लिए उनकी तस्वीरों को फूलों से सजाया जाएगा तथा मोमबत्तियां जलाई जाएगी। मुर्गियों, सुअर, बकरी, पक्षी और कई अन्य जीवों की तस्वीरें शामिल होंगी को कार्यकर्ता एक मेमोरियल के रूप में व्यवस्थित करेंगे। समारोह के बाद प्रतिभागी मृत पशुओं के चित्रों और बैनर्स के साथ मार्च करेंगे। साथ ही क्रूरतामुक्त जीवनशैली अपनाकर वीगन बनकर जानवरों को पीड़ा से बचाने की अपील करेंगे। 14वें राष्ट्रीय पशु अधिकार दिवस पर दुनियाभर के 150 से अधिक प्रमुख शहरों में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्थानीय पशु अधिकार कार्यकर्ता अपने मृत पशु,भाई-बहनों को याद करेंगे और लोगों को जानवरों के प्रति हमारे समाज के क्रूर व्यवहार तथा हर वर्ष इंसानों द्वारा दुनियाभर में भोजन, खाल, प्रयोगशाला परीक्षण व मनोरंजन के लिए मारे जाने वाल अरबों जानवरों की पीड़ा, भय एवं दर्द को प्रत्यक्ष रूप से दिखाएंगे।

बारूद फैक्ट्री हादसे में बड़ी मछली को बचाने का षडयंत्र: दीपक बैज

रायपुर 1 जून। बारूद फैक्ट्री हादसे के चार दिन बाद की गयी एफआईआर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने अपर्याप्त बताते हुये कहा कि भाजपा सरकार दोषियों को बचाने का षडयंत्र कर रही है। इस मामले में जो बड़ी मछलियां है उन पर कार्यवाही नहीं की गयी है तथा मामले की लीपापोती के हिसाब से एफआईआर दर्ज किया गया है। कर्मचारी पर कार्यवाही की गयी, प्रबंधन पर कार्यवाही क्यों नहीं की गयी है? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पंडरिया के सड़क हादसे में ड्राईवर के साथ वाहन मालिक पर भी कार्यवाही की गयी जबकि वाहन मालिक तो गाड़ी नहीं चला रहा था। बेमेतरा में प्रबंधन को क्यों बख्शा जा रहा है? वहां पर प्रबंधन की लापरवाही से इतने लोगों की जाने गई है। अतः की गई कार्यवाही अपर्याप्त है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि घटना में सिर्फ 8 लोगों की शिनाख्त हुई है तथा 8 लोगों को ही मुआवजा दिया गया है। लेकिन गांव वालों का कहना है घटना में मरने वालो की संख्या अधिक है। 8 लोग अभी भी लापता है, जो लोग लापता है उनको भी मृत मानकर मुआवजा दिया जाना चाहिये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बेमेतरा ब्लास्ट में भाजपा सरकार मजदूरो के साथ नहीं अपितु फैक्ट्री प्रबंधन के साथ खड़ी दिख रही है। सरकार का पूरा ध्यान मामले को रफा-दफा करने में लगा है। इस मामले की दंडाधिकारी जांच के अधिकार एसडीएम को दिया गया है।

वृद्धा पेंशन योजना के हितग्राहियों की ऑनलाइन एंट्री बंद

महापौर-सभापति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

रायपुर 1 जून। विगत कई माह से गरीबों बुजुर्गों को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना स्वीकृत हुए हैं उनको एनएसपी पोर्टल में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं होने के कारण रायपुर शहर के पात्र हितग्राही वृद्ध को पेंशन नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण गरीब परिवार के बुजुर्ग इस योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित हो गए हैं ऐसे पात्र हितग्राहियो की संख्या 263 से ज्यादा है जो अकेले रायपुर शहर में गरीब परिवारों का है इस संबंध में पूर्व में 28 नवंबर 2023 तथा 28 दिसंबर 2023 को इस विषय में में निगम द्वारा स्मरण पत्र लिखा गया है जिसका आज पर्यंत कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। योजना के पात्र हितग्राही बुजुर्ग जो गरीब परिवार के हैं और जिनके पेंशन स्वीकृत हो चुके है उसके बाद भी कई माह से निगम के चक्कर लगा रहे है, जनप्रतिनिधियों के समक्ष पात्र होने के बावजूद अपनी व्यथा बात कर रो पड़ते हैं। जिसे लेकर निगम के जनप्रतिनिधियों ने सरकार के प्रति नाराजगी व्यक्त की। इसके अतिरिक्त सभापति प्रमोद दुबे ने रायपुर शहर में भीषण गर्मी को देखते हुए 12 से 4 बजे तक सिग्नल को बंद रखने की बात रखी जिससे शहर के आम नागरिकों को तेज धूप से राहत सके वही रायपुर नगर निगम द्वारा बाटे जाने वाली आबादी पट्टों को आचार संहिता के कारण रोक लगा दिया गया है। जिसे जल्द ही वितरित करने कलेक्टर से आग्रह किया । इसी संबंध में नगर निगम महापौर श्री एजाज ढेबर, सभापति श्री प्रमोद दुबे, जोन अध्यक्ष मनीराम साहू, एमआईसी सदस्य श्री श्रीकुमार मेनन, जितेन्द्र अग्रवाल, देवेंद्र यादव, सुन्दरलाल जोगी पार्षद उत्तम साहू ने कलेक्टर समक्ष समस्याओ को जल्द दूर करने ज्ञापन सौंपा।

सेहत व स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम

रायपुर 1 जून। भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने मेंस्ट्रुअल हाइजीन वीक के अवसर पर अपने प्रचालनों के आसपास के इलाकों में मासिक धर्म के दौरान सेहत व स्वच्छता के अभ्यास के बारे में जागरुकता कार्यक्रम संचालित किए। इस पहल के तहत मासिक धर्म संबंधी गलत धारणाओं और वर्जनाओं को दूर करने का प्रयास किया गया, 'पीरियड पावर्टी' की घटनाओं को कम करने की कोशिश की गई, तथा समुदाय के लोगों को सशक्त किया गया कि वे अपने परिवारों के स्वास्थ्य व कल्याण हेतु जानकारीपूर्ण विकल्प चुन सकें।

माहवारी की सेहत व स्वच्छता एक ऐसा विषय है जिसे ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर अनदेखा किया जाता है, गांवों में लोग इस विषय से संबंधित गलत धारणाओं में उलझे हुए हैं और इस बारे में खुल का बात नहीं करते। इस सहज से गांवों की महिलाओं व लड़कियों को मेंस्ट्रुअल स्वास्थ्य उत्पाद प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिसके चलते उनमें स्वास्थ्य संबंधी मामले बढ़ जाते हैं। इसलिए वेदांता एल्यूमिनियम ने इस जरूरत का समाधान करने के लिए जागरुकता एवं कौशल विकास कार्यक्रमों को जमीन पर उतारा है।

कंपनी के प्रचालनों में झारसुगुडा में दुनिया का सबसे बड़ा एल्यूमिनियम प्लांट और लांजिगढ़, ओडिशा में विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी तथा राज्य में कुछ खनन प्रचालन भी शामिल हैं। कोरबा, छत्तीसगढ़ में भारत की आइकॉनिक एल्यूमिनियम उत्पादक बाल्को भी कंपनी के प्रचालन में है। कंपनी के अधिकांश प्रचालन भारत के ग्रामीण एवं अर्ध-ग्रामीण हिस्सों में हैं और कंपनी ने विकास के जो व्यापक प्रयास किए हैं उनकी वजह से उनके प्रचालनों के आसपास के इलाकों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26